राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
वर्ष- 13 अंक - 121
लखनऊ, गुरुवार 01 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
समृद्ध समाज का आधार
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

प्रिया शाक्य ने युवाओं को दिया देशभक्ति का संदेश 09
पांचाल घाट गंगा तट पर श्रद्धालुओं के लिए बने पैंटून पुल को खतरा 10

-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,35,370/ |
| 22 कैरेट | = 1,24,100/ |
| 18 कैरेट | = 1,01,570/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,39,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**श्रीप्रिया बनीं विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी-ओआईए)**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट एवं वीज़ा–सीपीवी एवं ओवरसीज़ इंडियन अफेयर्स–ओआईए) के पद पर सुश्री श्रीप्रिया रंगनाथन को नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीप्रिया रंगनाथन, 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी अरुण कुमार चटर्जी का स्थान लेंगी जो बुधवार 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने बुधवार को सुश्री रंगनाथन की नियुक्ति को मंजूरी दी।

**एक ही लॉन्चर से दागी गईं दो प्रलय मिसाइलें, प्रयोग सफल**

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बुधवार को ओडिशा के तट पर एक ही लॉन्चर से एक के बाद एक दो प्रलय मिसाइलें लॉन्च कीं। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान मानक पूरे किए, जिसकी पुष्टि ओडिशा के चांदीपुर में लगाए गए ट्रैकिंग सेंसर ने की। सफल परीक्षण के बाद अब इस मिसाइल प्रणाली को वायु सेना और भारतीय सेना के साथ शामिल करने की तैयारी जल्द ही शुरू हो जाएगी। डीआरडीओ ने आज सुबह करीब 10.30 बजे चांदीपुर के आईटीआर से एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलें एक के बाद एक सफलतापूर्वक लॉन्च कीं। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान उद्देश्य पूरे किए।

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम उद्गार का निधन, शोक की लहर**

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिला सहकारिता बैंक के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम उद्गार चौधरी का मंगलवार की रात शहर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे करीब 101 वर्ष के थे। उनके निधन से समूचे समस्तीपुर जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। बिहार में सहकारिता आंदोलन के जनक के रूप में चर्चित राम उद्गार चौधरी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी।

### राजनाथ सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजमान होने के प्रतिष्ठा द्वादशी पर कहा

# श्रीराम की कीर्ति से आज विश्व विभूषित

**अयोध्या की हर गली-हर चौराहा राममय, कनक भवन दशरथ महल, हनुमानगढ़ी संपूर्ण अयोध्या मां सरयु की गोद में शोभायमान**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को राजनाथ सिंह ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी पिछले अनेक पीढ़ियों की तुलना में अत्यतं सौभाग्यशाली हैं कि हमने वह क्षण अपनी आंखों से देखा। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के विराजमान होने के प्रतिष्ठा द्वादशी पर द्वितीय वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मनोभावों को व्यक्त करते हुए कहा कि नाथ आजु मैं कहा न पावा। ऐसा लग रहा है कि जीवन में मैं जो पाना चाहता था, वह सब कुछ मुझे मिल गया। राघवेंद्र सरकार ने इस दिन के लिए स्वयं मुझे चुना था, इसलिए आज यह अवसर मुझे मिल रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यशाली दिन बताते हुए कहा, आज से दो वर्ष पूर्व जब प्रभु श्रीराम यहां पुनर्प्रतिष्ठित हुए, वो समस्त भारतवासियों के लिए गौरव का ऐतिहासिक क्षण था। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अयोध्या की हर गली-हर चौराहा राममय हो गया हो। कनक भवन, दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, संपूर्ण अयोध्या मां सरयु की गोद में शोभायमान हो रही है। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है। उन्होंने इस दिन को गौरवपूर्ण बताते हुए याद दिलाया कि यह वही भूमि है, जिसने वर्षों तक भगवान राम के लिए असहनीय बलिदान दिया, अपमान सहा, लेकिन आस्था को कभी डिगने नहीं होने दिया।



**मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा आरोहण**

रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने श्रीराम की जयघोष व मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा का आरोहण किया। जिस तकनीक से राम लाल के मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण हुआ था, उसी तकनीक से माता अन्नपूर्णा मंदिर के भी शिखर पर ध्वजारोहण हुआ। राम दरबार में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं का किया अभिवादनदर्शन-पूजन के पश्चात रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री मंदिर के बाहर निकले तो श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

**राम मंदिर आंदोलन, दुनिया का सबसे ग्रैंड नैरेटिव**

राम मंदिर आंदोलन को उन्होंने दुनिया का सबसे ग्रैंड नैरेटिव बताते हुए कहा कि यह आंदोलन भूगोल और समय दोनों के हिसाब से अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि भारत से लेकर पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अनेकों देश जहां हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी प्रभु राम से खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं, यह उन सब राम को मानने वालों का आंदोलन था। 500 वर्षों के लम्बें अहिंसक संघर्ष से चलने वाला ऐसा आंदोलन इतिहास में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हुआ है बल्कि हवाई अड्डा, रेल नेटवर्क, रोड कनेक्टिविटी के साथ उद्योग, व्यापार का सभी क्षेत्रों में अयोध्या विकास के नये आयाम रच रही है। विकास की यह धारा केवल अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अवध प्रांत से लेकर देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। अवधपुरी की इस विकास यात्रा के लिए उन्होंने डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और सफल प्रयास की सराहना की और बधाई दी।



अयोध्या की पावन धरा पर आज रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई जा रही है। ये वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। इस पावन-पुनीत अवसर पर देश-विदेश के सभी रामभक्तों की ओर से प्रभु राम के चरणों में मेरा नमन और वंदन। समस्त देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्रेरणा हर देशवासी के हृदय में सेवा, समर्पण और करुणा की भावना को और प्रगाढ़ करे, जो समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सशक्त आधार भी बने।

– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## केंद्रीय कैबिनेट से ओडिशा में एनएच 326 चौड़ीकरण को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने एनएच (O) के तहत ईपीसी मोड पर ओडिशा में एनएच-326 के केएम 68.600 से केएम 311.700 तक मौजूदा 2-लेन सड़क को पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन में चौड़ा करने और मजबूत करने को मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना की कुल पूंजी लागत 1,526.21 करोड़ है, जिसमें 966.79 करोड़ रुपये की सिविल निर्माण लागत शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस अपग्रेडेशन से मोहना-कोरापुट से प्रमुख आर्थिक और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर तक सीधी और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

**नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर निर्माण को भी मंजूरी**

केंद्र सरकार ने बुधवार को महाराष्ट्र में बीओटी (टोल) मोड पर 6-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर निर्माण को मंजूरी दी। लंबाई 374 किमी है और इसकी कुल लागत 19,142 करोड़ रुपये है। परियोजना नासिक, अहिल्यानगर, सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों को कुरनूल से जोड़ेगी।

### एनआईए अदालत ने हिजबुल आतंकी साजिश के आरोपी को दिया आजीवन कारावास

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने असम के गुवाहाटी स्थित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामले के एक प्रमुख आरोपी को दोषी ठहराया और उसे साधारण कारावास की सजा सुनाई। एनआईए अदालत ने मंगलवार को आरोपियों मो. कमरुज जमान, डॉ. हुरैरा और कमरुद्दीन को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। अदालत ने तीनों आरोपियों को 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और जुर्माना नहीं भरने पर तीन महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश दिया।

### दशाश्वमेघ घाट पर गंगा आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब

**वाराणसी।** साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार की शाम धार्मिक नगरी वाराणसी के दशाश्वमेघ घाट पर विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती के दौरान आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कड़ाके की ठंड और गलन के बावजूद गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित मां गंगा की आरती में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।

## 8-9 जनवरी से शुरु होगी अटल नगर में 2496 फ्लैट आवंटन की प्रक्रिया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण देवपुर पारा स्थित अटल नगर आवासीय योजना के अंतर्गत बनने वाले फ्लैटों का आवंटन 8 और 9 जनवरी को लॉटरी के माध्यम से करेगा। एलडीए द्वारा इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। लॉटरी ड्रॉ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में आवेदकों की मौजूदगी में कराया जाएगा, जिसकी पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अटल नगर आवासीय योजना में 12 से 19 मंजिल तक के कुल 15 टावर बनाए गए हैं। इनमें 2,496 फ्लैट्स शामिल हैं, जिनमें 1,832 फ्लैट 1-बीएचके और 664 फ्लैट 2-बीएचके श्रेणी के हैं। फ्लैटों का क्षेत्रफल 30 से 54.95 वर्गमीटर के बीच है, जबकि इनकी कीमत 9.82 लाख रुपये से शुरू होती है। इस आवासीय परिसर में लिफ्ट, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, हरित क्षेत्र, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अटल नगर आवासीय योजना के लिए 4 अक्टूबर से 2 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया था, जिसमें कुल 5,781 आवेदकों ने आवेदन किया। पात्र आवेदकों के बीच 8 और 9 जनवरी को लॉटरी के जरिए फ्लैट का आवंटन किया जाएगा। एलडीए आंग्ल नववर्ष पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फिर पंजीकरण खोलने जा रहा है। शारदा नगर विस्तार में निर्मित 2,256 आवासों का पहले ही लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जा चुका है।

**रिफंड के कारण खाली हुए 185 आवासों का दोबारा होगा आवंटन**

### उत्तर प्रदेश पुलिस में होगी 32,679 पदों पर भर्ती



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** साल का आखिरी दिन 31 दिसम्बर उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 32 हजार 679 पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को विज्ञप्ति जारी की गई है। अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) प्रणाली में पंजीकरण कराना जरूरी बताया है। इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ओटीआर पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जा सकते हैं।

## योगी सरकार 2026 में प्रदेशवासियों को देगी दस सौगात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वर्ष 2026 प्रदेशवासियों के लिए नई उम्मीदों का वर्ष साबित होगी। योगी सरकार प्रदेशवासियों को दस बड़ी सौगात देने वाली है, जो उनके जीवन को सरल, सुगम और आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। योगी सरकार अगले साल में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी, आर्थिक विकास को गति देने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे, पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट समेत 10 बड़ी सौगात देने की कवायद में लगी है।

**1- आर्थिक विकास को नई गति देगा गंगा एक्सप्रेस-वे**

भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2026 में बुनियादी ढांचे के विकास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा, जब राज्य में अब तक की सबसे लंबी और महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना गंगा एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ होगा। यह एक्सप्रेस-वे न केवल यात्रा के समय को कम करेगा, बल्कि यह राज्य के आर्थिक विकास को भी एक नई गति प्रदान करेगा। इसका निर्माण 36,230 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस परियोजना की आधारशिला दिसंबर 2021 में रखी गई थी।

**2- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस वर्ष होगा शुरु**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के जेवर में जल्द ही भारत के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होना है। यह 3300 एकड़ में सात हजार करोड़ की लागत से निर्मित हो रहा है। इस एयरपोर्ट की शुरुआत पहले एक रनवे के साथ होगी, जबकि भविष्य में यहां 5 रनवे क्रियाशील किए जा सकेंगे। यह एयरपोर्ट प्रतिवर्ष एक करोड़ यात्रियों की क्षमता का होगा, जबकि औसतन प्रतिदिन यहां से 150 उड़ानें संचालित हो सकेंगी।

**3- पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से धरातल पर उतरेगा निवेश**

दुनियाभर के निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश की धरती को ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने के बाद अब योगी सरकार का लक्ष्य निवेश की योजनाओं को धरातल पर उतारने का है। इसी के अंतर्गत 2026 की शुरुआत में ही योगी सरकार अपनी पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) कराने की तैयारी में हैं। इसके माध्यम से पांच लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

**4 - जीआईएस से व्यापक निवेश होगा आकर्षित**

जीबीसी के अतिरिक्त, 2026 में योगी सरकार एक और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने पर भी विचार कर रही है। 2023 में आयोजित जीआईएस में 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को देखते हुए 2026 में यह आयोजन और अधिक भव्य हो सकता है। इसके लिए औद्योगिक विकास विभाग और इन्वेस्ट यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है।

**5- आयुष अस्पतालों में होगी 53 प्रकार की छोटी-मोटी सर्जरी**

योगी सरकार सरकारी अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के मरीजों को आयुष अस्पतालों में सर्जरी की सुविधा वर्ष 2026 में देने जा रही है। इससे जहां एलोपैथ अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगी, वहीं मरीजों को छोटी-मोटी सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**6- साइबर ठगी रोकने के लिए कॉल सेंटर की क्षमता होगी दोगुनी**

योगी सरकार प्रदेश में बढ़ती साइबर ठगी और अपराध पर लगाम लगाने के लिए बेहद गंभीर है। इसी के तहत योगी सरकार वर्ष 2026 में साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए कॉल सेंटर की क्षमता में दोगुनी वृद्धि करने जा रही है। वर्तमान में डायल 112 में तीन शिफ्ट में 20-20 का स्टाफ कॉल सेंटर में रहता है। इसी तरह लखनऊ डीसीपी साउथ ऑफिस के फर्स्ट फ्लोर पर तीन शिफ्ट में 30-30 का स्टाफ कॉल सेंटर में रहता है। इसी क्षमता को बढ़ाकर दोगुना किया जाएगा।

**7- दवाओं की कालाबाजारी रोकने को बनेंगे सख्त नियम**

योगी सरकार कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं की कालाबाजारी को रोकने के लिए सख्त नियम बनाने जा रही है। इसके लिए एफएसडीए मुख्यालय ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। इन दवाओं के थोक प्रतिष्ठानों की जिया टैगिंग जरूरी होगी। प्रतिष्ठानों की भंडारण क्षमता से लेकर खरीद बिक्री के पूरे विवरण की फोटो और वीडियो भी रखना होगा। इसके साथ ही थोक प्रतिष्ठानों के टेक्निकल पर्सन के अनुभव प्रमाण का ड्रग इंस्पेक्टर को सत्यापन करना होगा।

**8- कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे का काम फरवरी में होगा पूरा**

कानुपर-लखनऊ एक्सप्रेस वे का काम फरवरी में पूरा हो जाएगा। ये एक्सप्रेस वे 63 किलोमीटर लंबा है, जो करीब 47 सौ करोड़ की लागत से बन रहा है। इसके शुरू होने लखनऊ एयरपोर्ट से कानपुर पहुंचने में सिर्फ 40 मिनट लगेंगे जबकि वर्तमान में लखनऊ से कानपुर पहुंचने में दो से तीन घंटे का समय लगता है।

**9- निवेश मित्र 3.0 देगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को रफ्तार**

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को रफ्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रदेश के प्रमुख ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम का अगला संस्करण निवेश मित्र 3.0 वर्ष 2026 में सबके सामने होगा। इसमें कई तरह के नवाचारों को जोड़ा जाएगा, ताकि यह और अधिक निवेशक हितैषी हो सके।

**10- युवाओं को मिलेगी डेढ़ लाख सरकारी नौकरी**

योगी वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग-अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना जारी करने के काम अंतिम चरण में है। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग करीब 50 हजार पदों पर भर्ती करने की कवायद में लगा है। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इनमें 30 हजार आरक्षी, 5 हजार सब इंस्पेक्टर और अन्य विभिन्न पदों पर 15 हजार युवाओं की भर्ती की जानी है। इसके अलावा शिक्षा विभाग में भी करीब 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती सहायक अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य आदि पदों पर होगी। इसी तरह राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिसमें सबसे ज्यादा लेखपालों के पदों पर भर्ती की जाएगी। स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार, बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा युवाओं की भर्ती होंगी।



# यात्री उन्मुख सुविधाओं पर हमारा विशेष ध्यान : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में परिवहन निगम के 280 बस स्टेशनों से प्रतिवर्ष लगभग 55 करोड़ यात्रियों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**▶ प्रतिवर्ष 55 करोड़ यात्रियों को सेवाएं उपलब्ध कराता है परिवहन निगम**

यात्रियों को सुगम, सुरक्षित, उच्चीकृत सुविधाओं हेतु नीतिनिर्माण कर सुविधाओं को समुन्नत बनाना, परिवहन निगम की प्रमुख प्राथमिकता है।परिवहन मंत्री ने सिटीजन फस्ट इनिशिएटिव अंतर्गत प्रदेश के बस स्टेशनों पर यात्री उन्मुख सेवाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं संचालन से सम्बन्धित व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए है। प्रवेशद्वार पर यात्री सहायता डेस्क किराया सूची समय सारिणी प्लेटफॉर्म जानकारी शिकायत राहत डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। हिंदी अंग्रेजी में रूट, प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, शौचालय, निकास आदि के साइन बोर्ड की व्यवस्था की जाये डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड-रियल टाइम बस आगमन, प्रस्थान जानकारी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जाये। दिव्यांगों के लिये शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाये। उक्त श्रेणी के यात्रियों के लिये रैम्प, व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ए श्रेणी के बस स्टेशन पर एसी,नॉन एसी वेटिंग रूम एवं अन्य श्रेणी के बस स्टेशनों पर नॉन एसी वेटिंग रूम की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करायी जाये। वेटिंग रूम एवं यात्री शेड में बैठने की पर्याप्त जगह, आरामदायक कुर्सियां, पंखें एवं लाइट की समुचित व्यवस्था की जाये। जीपीएस के माध्यम से वाहनों का आगमन प्रस्थान आटोमैटिकली अंकित होना सुनिश्चित किया जाय।

## कोर्स कोआर्डिनेटरों की भर्ती में गड़बड़ी पर मंत्री खफा, दिए प्रशासनिक जांच के आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग में पारदर्शिता और पात्रता को प्राथमिकता बताते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोआर्डिनेटरों की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। उनके निर्देश पर थाना गोमती नगर लखनऊ में नियमों का उल्लंघन कर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी और संबंधित आवेदकों के खिलाफ षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिए गए हैं। राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित कोचिंगों में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। 69 अभ्यर्थियों की जांच में 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी दस्तावेज सत्यापन की थी, उनकी भूमिका और लापरवाही की प्रशासनिक जांच कराई जाएगी। भविष्य में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में पुलिसवैरिफिकेशन और डॉक्युमेंट वैरिफिकेशन अनिवार्य होगा। वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का भी सत्यापन कराया जाएगा।

नववर्ष, मकर संक्रान्ति, वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
छिबरामऊ (कन्नौज) परिशिष्ट

























































## खबरें एक नजर में

### लापता दो नाबालिग बहनों का नहीं लगा सुराग, कई युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**तिलहर – शाहजहांपुर।** लापता हुईं नाबालिग दो चचेरी तहेरी बहनों के मामले में पुलिस ने सर्विलांस के जरिए नगर से कई लड़कों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। पुलिस व सर्विलांस सेल टीम पड़ताल में जुटी है। बता दें कि नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी संतोष कुमार की जीजीआईसी की कक्षा आठ की छात्रा 14 वर्षीय बेटी मधु तथा उनके बड़े भाई किशन कुमार की कक्षा 11 की छात्रा 16 वर्षीय भतीजी प्रियांशी 29 दिसंबर की सुबह साढ़े नौ बजे स्कूल ड्रेस में तैयार होकर कॉलेज के लिए घर से निकली थी। जो लापता हो गई थी। पुलिस व सर्विलांस सेल टीम की संयुक्त पड़ताल में दोनो लड़कियों के ई रिक्शे से वाइपास तक जाना पाया गया था। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे की मॉनिटरिंग में कोतवाली पुलिस ने बुधवार को दोनों किशोरियों के पड़ोस में रहने वाले कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी है। पुलिस कॉल डिटेल के जरिए कोतवाल राकेश कुमार सिंह पड़ताल में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। किशोरियों को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

### जलालाबाद तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप, वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**परशुरामपुरी, जलालाबाद।** तहसील में अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया। साथ ही तहसील प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। बता दे कि अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराने की बात कही। इस प्रदर्शन में बार एसोसिएशन जलालाबाद के तत्वाधान में 50 से अधिक अधिवक्ता एकत्रित हुए। उन्होंने न्यायिक कार्यों में देरी, समय से न्याय न मिलने, भ्रष्टाचार और नियमावली के विरुद्ध आदेश किए जाने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि लेखपालों से लेकर तहसील प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसके कारण आम जनता को उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे असंतोष का माहौल है। अधिवक्ताओं ने बताया कि वे जल्द ही जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप से मिलकर तहसील प्रशासन के विरुद्ध ज्ञापन सौंपेंगे। इस प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरजपाल वर्मा, विनोद चंद शर्मा, श्याम बाबू सिंह एडवोकेट, कौशल यादव, विपिन मैथिल, बृजेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, सौरभगुप्ता, संजय सिंह और अर्पित भामाशाह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बाल सेवा योजना में मार्च की धनराशि बच्चों के खातों ट्रांसफर: डीपीओ

**शाहजहांपुर।** नववर्ष से पूर्व बाल सेवा योजना कोविड के बच्चों को चार चार हजार रुपये हर माह मिलने वाली सहायता धनराशि एक साथ छह, अक्टूबर, नवम्बर, दिसंबर, जनवरी, फरवरी व मार्च तक की भेज दी गई है। साथ ही बाल सेवा योजना सामान्य के बच्चों का रुपये 5 मार्च तक खातों में भेज दिया जाएगा। वही महिला कल्याण विभाग की ओर से निराश्रित महिला पेंशन योजना के भी 67 हजार महिला लाभार्थियों के खातों में 3 माह की पेंशन भेज दी गई है। उक्त जानकारी डीपीओ गौरव मिश्रा ने दी।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर

**रायबरेली।** रायबरेली के सलोन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लहुरेपुर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल भेजा गया। हालांकि, एक युवक की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया और कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को घूस लेते पकड़ा

**लालगंज, रायबरेली।** एंटी करप्शन टीम ने लालगंज तहसील में तैनात कानूनगो गंभीर सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी कानूनगो को अपने साथ ले गई जहां पर गुरबख्शगंज थाने में उनसे पूछताछ चल रही है। वहीं पकड़े गए कानूनगो रही ब्लॉक के रहने वाले बताए जा रहे हैं। एक पीड़ित से जमीन नपवाने के नाम से रु.5000 की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित महिला ने एंटी करप्शन टीम से अपनी आपबीती बताई उसके बाद आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच हुआ है। वही सीओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि एंटी करप्शन की टीम ने लालगंज तहसील में तैनात कानूनगो गंभीर सिंह को रु.5000 के साथ गिरफ्तार किया है। उनसे पूरे मामले की पूछताछ चल रही है। शेष कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक सवार खड़े रिक्शे में मारी टक्कर, घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में अजपुरा गांव के पास नहर पुलिया पर एक तेज रफ्तार बाइक ने खड़े रिक्शे में टक्कर मार दी इस हादसे में बाइक चालक और उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर इतनी भीषण थी कि रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बाइक को भी नुकसान पहुंचा घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए उन्होंने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जैदपुर भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो घायल जैदपुर थाना क्षेत्र के अली अकबर कटरा निवासी हैं घायलों में से एक की पहचान अजय कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद, आयु 21 वर्ष के रूप में हुई है, जो जैदपुर, बाराबंकी का निवासी है दुर्घटनाग्रस्त बाइक का नंबर यूपी 32 बीजी 9595 बताया गया है।

### अटल स्मृति सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर बुधवार को क्षेत्र के बाबा टीकाराम धाम में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह व पार्टी जिला अध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा ने क्रमशः मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। नेता द्वय ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बाबा टीकाराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा आयोजित सम्मेलन में मतदाता गहन पुनरीक्षण विषय पर विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान गौरव सिंह राहुल सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भीख त्रिवेदी, चेयरमैन आलोक तिवारी, पंकज दीक्षित, सुशील जायसवाल, शील रतन मिहिर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा व महामंत्री संतोष कुमार, रामतीरथ वर्मा, मिश्रा, सचिन वर्मा, रणधीर सिंह मोनू, कौशलेंद्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**फतेहपुर, बाराबंकी।** फतेहपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुगौर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का बुधवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोग में लाई जा रही सामग्री का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भवन की मजबूती, कक्षाओं का आकार, प्रकाश और वेंटिलेशन, शौचालय, पेयजल तथा दिव्यांग अनुकूल सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने मौके पर मौजूद अभियंताओं और ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालय का संचालन प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एसडीएम के निरीक्षण पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल बनने से क्षेत्र के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा सुविधाएं गांव में ही मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर परशुरामपुरी में हुई गोष्ठी

- सभा में पहुंची राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी

**परशुरामपुरी शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जलालाबाद/परशुरामपुरी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आयोजन नगर के एक मैरिज लॉन में हुआ। जिसकी मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी रही। जिनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटका पहनाकर स्वागत किया। हलांकि कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर किया। इसके साथ ही उनके विचारों को उन्होंने प्रासंगिक बताया। वही सभा को सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक, संवेदनशील कवि और राष्ट्र को नई दिशा देने वाले दूरदर्शी नेता थे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि अटलजी के कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं की शुरुआत हुई, जिनका लाभ आज भी देश के करोड़ों छात्रों को मिल रहा है। वही गोष्ठी के दौरान मौजूद क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने जलालाबाद क्षेत्र में पीजी कॉलेज की मांग शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी। हालांकि इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गौरव प्रताप राघव, पूर्व भाजपा चैयरमैन पद के प्रत्याशी मनमोहन द्विवेदी, केशव मिश्रा, भूपेंद्र सिंह भानु, जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख लता, मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा, भाजपा नेता विनय शर्मा, विनोद अग्निहोत्री, जितेंद्र प्रताप सिंह, सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सांड ने हमला कर किसान को किया घायल

- इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम परशुरामपुर निवासी रामसहाय अपने गेंहू के खेत पर घूमने गए थे। जब वह खेत पर पहुँचे तो रामसहाय के गेंहू के खेत मे साँड़ गेंहू की फसल को चर रहा था। रामसहाय ने गेंहू के खेत से साँड़ को बाहर निकाल रहे थे कि साँड़ रामसहाय पर हमलावर हो गया। रामसहाय की चीख पुकार सुनकर आस पास खेतों में काम कर रहे लोग बचाने के लिए दौड़ पड़े तो साँड़ ने बचाने आये किसान गया प्रसाद वर्मा पर भी हमला कर दिया। जिसमें रामसहाय व गया प्रसाद वर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर ग्रामीणों के स्वजन खेतों पर पहुँच गए। घायल किसानों को इलाज के लिए कटरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों ने खण्ड विकास अधिकारी व थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर गाँव मे घूम रहे सांड को गौशाला भिजवाने की गुहार लगाई है। रामसहाय ने बताया है कि गाँव और हाईवे पर घूमने वाले आवारा साँड़ व गोवंश की वजह से आये दिन हादसे हो रहे है। उसके बाद भी प्रशासन कुम्भकर्णी नींद सोया हुआ है। शीघ्र ही छुट्टा गोवंश को पकड़ कर क्षेत्र की गौशाला भेजा जाए। जिससे किसान अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

खण्ड विकास अधिकारी अरविंद कुमार दुबे ने बताया है कि घटना की जानकारी नही है। सांड के हमले में ग्रामीण घायल हुए है तो तत्काल सचिव को बोलकर साँड़ को गौशाला भिजवाया जाएगा।

## पुवायां के कैम्ब्रिज स्कूल ने बरेली मंडल में भी बनाई पहचान

- पिता के पदचिन्हों पर चलकर स्कूल कर रहा दिन रात तरक्की
- डा. रचित अग्रवाल और विनायक अग्रवाल कर रहे पिता का सपना पूरा

**सरदार शर्मा**

**शाहजहांपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाला कैम्ब्रिज कांवेन्ट स्कूल आज अपने छात्र-छात्राओं के उज्जल भविष्य की कामना करते हुए निरन्तर शिखर पर पहुंच रहा है। इसका श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों व स्कूल प्रबंधक को जाता है। जितना अच्छा प्रबंध तंत्र है उतनी ही अच्छी शिक्षा स्कूल के छात्र-छात्रा ग्रहण करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र का यह स्कूल पूर्व से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस संस्थान की नींव डालने वाले स्व. विपिन अग्रवाल थे। जिन्होंने यह सपना देखा था कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक अच्छी शिक्षा मिल सके और इसी सपने को पूरा करते हुए उन्होने कैम्ब्रिज कांवेंट की नींव रखी। लेकिन विपिन अग्रवाल का स्वर्गवास होने के बाद उनके दोनों पुत्र डॉ. रचित अग्रवाल, विनायक अग्रवाल ने अपने पिता के सपनो को साकार करते हुए स्कूल को ऊंचाईयों तक पहुंचाया। आज उनके स्कूल की पहचान जनपद में ही नहीं अपितु मंडल में भी है। इस पहचान को बनाने वाले स्व. विपिन अग्रवाल जिन्होंने अथक प्रयास करके ग्रामीण क्षेत्र में यह पहला स्कूल बनाया जिसे प्रदेश स्तर पर पहचान मिली। जनपद में यूं तो कई कान्वेन्ट स्कूल संचालित है लेकिन पुवायां के कैम्ब्रिज कांवेंट स्कूल की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने वाला यह पहला स्कूल था जिसकी व्यवस्था को देखने दूसरे संस्थानों के प्रबंधक आया करते थे। अपने समय का इस कैम्ब्रिज कांवेंट ने कई बार जिलाधिकारियों द्वारा सराहना पायी है। 26 जनवरी व 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के जनपद के उच्चाधिकारी जाया करते है। स्कूल के छात्र-छात्राएं उच्चाधिकारियों के साथ फोटोग्राफ लेकर अपने अभिभावकों को दिखाते है। स्कूल के कार्यक्रम को जब अभिभावक देखते हैं तो उनका कहना होता है कि कैम्ब्रिज कांवेंट स्कूल एक अच्छा स्कूल है जिसमें बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाती है। स्व. विपिन अग्रवाल के बाद उनके बच्चों ने स्कूल को तो संभाला है लेकिन स्व. अगव्राल का मुकाबला नहीं कर पाये। उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके बच्चे स्कूल को निरन्तर ऊचांईयों पर पहुंचा रहे हैं।

## पिछड़ा वर्ग महासभा ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गौशालाओं की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विनोद यादव एवं राधा सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा यादव, सपा के कलान ब्लाक अध्यक्ष अवनेश सिंह ने उपजिलाधिकारी कलान को ज्ञापन देकर आवारा पशुओं को गौशाला में संरक्षण दिए जाने की मांग की।

इस अवसर पर चौधरी विनोद यादव ने एसडीएम अभिषेक प्रताप से कहा कि हर वर्ष दर्जनों किसान अपनी फसलों की रखवाली करते करते छुट्टा पशुओं के हमले से मर जाते हैं या दिव्यांग हो जाते हैं। यही नहीं सैकड़ों गाएं कांटेदार तारों से कट घायल हो रहे हैं। फिर भी सरकार छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षण नहीं दे पा रही है। राधा सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा यादव ने कहा कि गौशालाओं के संचालन एवं गायों के लिए मिलने वाली धनराशि अधिकारी और गौशालाओं के प्रबंधक मिल बांटकर खा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि गौशालाओं में गायों के रखने की क्षमता में वृद्धि करने के साथ ही गो संरक्षण की उचित व्यवस्था की जाए। बंद पड़ी गौशालाओं का संचालन किया जाए। ज्ञापन देने वालों में दीपक नंदवंशी, संदीप चौधरी, सचिन यादव, एडवोकेट दीपक कुमार, अंकित सिंह, मुकेश कुमार, अनूप यादव, कौशल संजीव वर्मा, रामनिवास सक्सेना, ओमवीर सिंह समेत तमाम किसान मौजूद थे।

## पानी भरने को लेकर हुआ विवाद, मुकदमा दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली।** नल से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया पीड़ित पक्ष ने युवती के ऊपर धारदार हथियार से हमला एवं छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देखकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर नवीन गांव निवासी कृष्ण कुमार ने कोतवाली दलगांव में तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह उसकी पुत्री नल पर पानी भरने गई हुई थी तभी पड़ोसी प्रमोद के द्वारा उसे जाति सूचक गालियां देते हुए छेड़छाड़ का प्रयास किया गया पुत्री द्वारा शोर मचाने पर पारिवारिक जन पहुंचे तो युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें युवती सहित चार लोगों को चोटे आई है पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी आए दिन उसके पारिवारिक जनों को तंग करता है बुधवार को सुबह गाली गलौज के साथ उसकी बेटी से छेड़छाड़ किया गया इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि कृष्ण कुमार की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्रवाई की जा रही है।

## डिग्री कॉलेज चौराहा पर ट्रैफिक सीओ ने भारी पुलिस बल के साथ चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में यातायात सीओ की अध्यक्षता में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया इस दौरान सड़कों के दोनों तरफ खड़े वाहनों को हटवाया गया और सड़क पर ही ठेला लगाने वालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा कई वाहनों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई।

आपको बता दे कि बुधवार को जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में नववर्ष को देखते हुए शहर के मुख्य जगह पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया इसी को लेकर डिग्री कॉलेज चौराहा कैनल रोड कचहरी रोड के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण को हटवाया गया कई अतिक्रमणकारियों को सख्त दिशा निर्देश भी दिए गए हैं इस दौरान अनियंत्रित रूप से सड़कों पर खड़े वाहनों का चलन करते हुए और जुर्माना भी लगाया गया है को ट्रैफिक सीओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि, नव वर्ष पर किसी को भी कोई दिक्कत ना हो इसलिए यह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है ना मानने वालों पर कार्रवाई की गई है घने कोहरे और शीत लहर के चलते हाईवे पर खड़े होने वाले बड़े वाहन चालकों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने वाहन हाईवे के किनारे खड़ा ना करें इसी को लेकर तीन दर्जन से अधिक भारी वाहनों पर जुर्माना की भी कार्रवाई की गई है।

## रायपुर नेरुवा में ग्राम पंचायत की बैठक का आयोजन

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र शिवगढ़ की ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा में पंचायती राज विभाग के निर्देश पर ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित हुई जिसमें ग्राम पंचायत के लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई गौरतलब हो कि बुधवार को ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा के बहुउद्देशीय पंचायत भवन में पंचायती राज निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार ग्राम प्रधान रतिपाल रावत की अध्यक्षता एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आए हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ दीपेश कुमार राय एवं डॉ हिमांशु श्रीवास्तव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास में अहम भूमिका निभाने वाली 9 थीमों पर विस्तृत चर्चा की इस दौरान बालिका एवं महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा, स्वच्छ सुंदर गांव हरित गांव जैसे थीमों पर ग्राम प्रधान एवं पंचायत के सदस्यों के साथ मिलकर एक कार्य योजना तैयार की है। बहुउद्देशीय पंचायत भवन में आयोजित बैठक में गांव के ग्रामीणों समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को राज्यमंत्री ने वितरित किया कंबल

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज़।**



सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद सर्दी में ठिठुरने को मजबूर न हो, यह बात खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने एसडीएम अनुराग सिंह के साथ मिलकर दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में 500 निर्धन व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने खुशेहटी गांव तथा नगर पंचायत रामसनेहीघाट के मिनी स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल सौंपते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। कड़ाके की ठंड में गरीब, बुजुर्ग और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि उन्हें सर्दी से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों और विधवा महिलाओं की पेंशन राशि में वृद्धि की है, जिससे उनका जीवन-यापन पहले से अधिक सुगम हो सके। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलकता नजर आया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय दिखा। एसडीएम अनुराग सिंह ने वितरण व्यवस्था की निगरानी की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रदीप सिंह, पवन कुमार सिंह रिंकू, दीपक वर्मा, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और क्षेत्रीय लेखपाल अंबुज मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम मानवीय संवेदना और प्रशासनिक सहयोग का सशक्त उदाहरण बना।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र में बारा गाँव के निकट लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

लोनीकटरा थाना क्षेत्र के अलमापुर मजरे तेजवापुर निवासी अंकित पुत्र रमेश कुमार वर्मा32 कीटनाशकों व खाद के दुकानदार है। बाइक से घर से हैदरगढ़ जा रहे थे। जब वे दोपहर साढ़े बारह बजे बारा गाँव स्थित नीरज होटल के सामने पहुंचे तभी पीछे से आया अज्ञात ट्रक टक्कर मारते हुए भाग गया। दुर्घटना में जहां बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही युवक भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आयी108 एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुँचाया गया। जहां पर इलाज के बाद गम्भीर अवस्था के कारण उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इसी बीच युवक की मौत हो गई।

## उत्कृष्ट कार्य से लोकतंत्र को मजबूती, डीएम ने 49 बीएलओ को किया सम्मानित

- शतप्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को मिला सम्मान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद में मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन निरंतर प्रभावी पहल कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शतप्रतिशत मैपिंग कार्य करने वाले 49 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इन बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत मैपिंग का लक्ष्य समय से पहले पूरा कर अभियान को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि टीम वर्क और समर्पण का उदाहरण भी है। डीएम ने बीएलओ से आह्वान किया कि वे जिस निष्ठा, जिम्मेदारी और दक्षता के साथ कार्य कर रहे हैं, उसी भावना से आगे भी कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है।

**बीएलओ से विशेष संवाद, सुझावों का आदान-प्रदान:** कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित बीएलओ के साथ विशेष संवाद भी किया। इस संवाद में बीएलओ ने फील्ड स्तर पर आ रही व्यवहारिक चुनौतियों, मतदाता जागरूकता बढ़ाने के अनुभवों तथा कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े अपने सुझाव साझा किए। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यरत बीएलओ के सुझाव अभियान को और अधिक मजबूत, सरल एवं प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास, आपसी समन्वय और निरंतर परिश्रम से जनपद न केवल निर्धारित लक्ष्य हासिल करेगा, बल्कि उत्कृष्टता की नई मिसाल भी कायम करेगा।

## भारत 2026 : आगे ऊबड़-खाबड़ रास्ता

जैसे ही 2025 इतिहास में एक उथल-पुथल भरे साल के रूप में दर्ज होता है, एक मिली-जुली स्थिति वाला भारत सावधानी भरी उम्मीद के साथ 2026 में कदम रखता है, क्योंकि उसके सामने नई चुनौतियां हैं। फिर भी, बीते साल की दहलीज से उम्मीद मुस्कुराती है, फुसफुसाते हुए कि यह ज्यादा खुशहाल होगा। क्या ऐसा होगा? निःसंदेह, प्रधानमंत्री मोदी सही हैं। भारत के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है- ऑपरेशन सिंदूर, महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह, पुरुषों की क्रिकेट आई.सी.सी. चौंपियनशिप, महिला क्रिकेट विश्व कप और महिला ब्लाइंड टी20 विश्व कप जीतना, शुक्ला का इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन में पहले भारतीय बनना आदि। फिर भी, हम अभूतपूर्व समय में जी रहे हैं क्योंकि 2025 का अंत भयानक लिंचिंग की एक बदसूरत और शर्मनाक घटना के साथ हुआ, जिसमें 'दूसरों को अलग-थलग करने' की भावना सामान्य होती जा रही है। देहरादून में उत्तराखंडियों द्वारा 24 साल के त्रिपुरा के एक एम.बी.ए. छात्र को नफरत भरे अपराध में चाकू मार दिया गया, उसे 'चीनी, चिंकी, मोमोज, नेपाली' कहकर ताना मारा गया। दक्षिण में, ओडिशा और केरल में 20 साल के एक बंगाली और एक 31 साल के छत्तीसगढ़ी प्रवासी मजदूरों को 'बंगलादेशी' कहा गया। उत्तर-पूर्वी लोगों को राजधानी दिल्ली में नस्लवाद का सामना करना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या युवा और मजदूर अपने ही देश में बिना किसी डर के और सुरक्षित रूप से घूम नहीं सकते? दुख की बात है कि किसी भी सरकार ने नफ्रत भरे अपराध या नस्लवाद को मान्यता नहीं दी, पुलिस हमेशा खतरनाक विचारों और ङ्क्षहसक घटनाओं को 'छिटपुट घटनाएं' कहकर टाल देती है लेकिन वे ऐसी नहीं हैं। वे इस जेनोफोबिया और 'दूसरों को अलग-थलग करने' के पैटर्न हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता और जो 'स्थानीय नहीं', छात्रों-मजदूरों के लिए अक्सर क्रूर रूप से सामने आते हैं। इसके अलावा, राजनीतिक ध्रुवीकरण और प्रतिस्पर्धा के दौर में, पहचान की बहुलता और ओवरलैपिंग के कारण, हम तेजी से अधिक नस्लवादी, जातिवादी और सांप्रदायिक होते जा रहे हैं, जिससे एक परेशान भारत असहिष्णुता के बढ़ते हमले के तहत अपनी आत्मा की तलाश कर रहा है। इससे भी बढ़कर, काफ्काएस्क जैसी दुनिया में, जहां नस्लीय पहचान एक चिपचिपा बोझ है, जिसे सामाजिक माहौल में हटाना मुश्किल है। चौंकाने वाली बात यह है कि क्रिसमस को आर.एस.एस. से जुड़े विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओं के शर्मनाक व्यवहार ने खराब कर दिया, जिन्होंने कैरल गाने वालों और क्रिसमस समारोहों में तोडफ़ोड़ की, चर्चों और स्कूलों पर हमला किया, सांता कैप बेचने वाले विक्रेताओं को परेशान किया, बिना किसी डर के 'धर्म परिवर्तन' के आरोप लगाए, केरल, असम, ओडिशा, एम.पी., छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में दृष्टिबाधित ईसाई महिलाओं पर हमला किया। अफ्सोस की बात है कि न तो पुलिस ने संज्ञान लिया है और न ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए एफ.आई.आर. दर्ज की गई है या गुंडों को गिरफ्तार किया गया है। यह एक खतरनाक संदेश भेजता है कि जब राजनीतिक संरक्षण मान लिया जाता है तो सार्वजनिक व्यवस्था और संवैधानिक सुरक्षा को बिना किसी कीमत के मोड़ा जा सकता है। कोई बात नहीं, मोदी ने नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली के एक चर्च में मास में भाग लिया।

# चिनाब पर भारत का निर्णायक कदम



**भारत सरकार की पर्यावरण विभाग की विशेषज्ञ समिति ने 27 दिसम्बर को जम्मू-कश्मीर स्थित दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के स्टेज-2 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। वस्तुतः यह मंजूरी मिलते ही पाकिस्तान की सियासत में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शेरी रहमान ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत पर पानी को हथियार बनाने का संगीन आरोप लगाया। उनके अनुसार, यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की भावना के विरुद्ध है। शेरी रहमान का दावा है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुए इस समझौते के तहत पाकिस्तान को चिनाब, झेलम और सिंधु नदियों के जल पर अधिकार प्राप्त हैं, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी।**

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

दक्षिण एशिया की राजनीति में आज जल, प्राकृतिक संसाधन से अधिक रणनीति, संप्रभुता और सुरक्षा का अहम हथियार बन चुका है। चिनाब नदी पर भारत द्वारा उठाया गया ताजा कदम इसी बदले हुए भू-राजनीतिक यथार्थ का सशक्त उदाहरण है। दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण को जैसे ही भारत सरकार की पर्यावरणीय समिति से मंजूरी मिली, इस फैसले की गूंज सरहद पार पाकिस्तान तक सुनाई देने लगी। वहां की राजनीति में खलबली मच गई, आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए और एक बार फिर सिंधु जल समझौता चर्चा के केंद्र में आ गया है। भारत के लिए यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय हित का सवाल है, जबकि पाकिस्तान इसे अपने अस्तित्व और जल अधिकारों से जोड़कर देख रहा है।

भारत सरकार की पर्यावरण विभाग की विशेषज्ञ समिति ने 27 दिसम्बर को जम्मू-कश्मीर स्थित दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के स्टेज-2 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। वस्तुतः यह मंजूरी मिलते ही पाकिस्तान की सियासत में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शेरी रहमान ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत पर ÷पानी को हथियार बनाने÷ का संगीन आरोप लगाया। उनके अनुसार, यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की भावना के विरुद्ध है। शेरी रहमान का दावा है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुए इस समझौते के तहत पाकिस्तान को चिनाब, झेलम और सिंधु नदियों के जल पर अधिकार प्राप्त हैं, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। रहमान का आरोप है कि भारत ने एकतरफा तरीके से सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है, जो न तो कानूनी है और न ही नैतिक रूप से स्वीकार्य। पाकिस्तान की आपत्ति केवल दुलहस्ती परियोजना तक सीमित नहीं है। शेरी रहमान ने भारत द्वारा चिनाब घाटी में संचालित या प्रस्तावित कई अन्य परियोजनाओं को भी विवादास्पद करार दिया। उन्होंने सावलकोट, रेटल, बड़सर, पाकल डुल, क्वार, कीरू और किरथाई जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि भारत सुनियोजित ढंग से इन सभी पर काम तेज कर रहा है।

पाकिस्तान का तर्क है कि इन परियोजनाओं के कारण भविष्य में उसके हिस्से के पानी में कटौती हो सकती है, जिससे उसकी कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। दूसरी ओर भारत का दृष्टिकोण इससे एकदम अलग और स्पष्ट है। भारत बार-बार यह दोहराता रहा है कि सिंधु जल समझौते में उसे पश्चिमी नदियों पर वैध अधिकार प्राप्?त हैं। भारत इन नदियों पर रन-ऑफ-द-रिवर परियोजनाएं स्थापित कर सकता है। दुलहस्ती परियोजना इसी श्रेणी में आती है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण से अधिक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम को हालिया सुरक्षा परिदृश्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

इसी वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने भारत-पाक संबंधों में पहले से मौजूद तनाव को और गहरा कर दिया। इस हमले में 22 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में पाकिस्तानी आतंकवादियों की संलिप्तता सामने आने के बाद भारत सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाया। इसके बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का फैसला लिया और पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा करना बंद कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संदर्भ में कई बार दो टूक शब्दों में कह चुके हैं कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

यह कथन अब केवल राजनीतिक बयान नहीं माना जाना चाहिए, यह भारत की नई रणनीतिक सोच का प्रतीक बन चुका है। भारत का मानना है कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवाद पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई नहीं करता, तब तक किसी भी प्रकार के सहयोग या संवाद का आधार नहीं बन सकता। इसके साथ एक तथ्?य यह भी है कि दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत लगभग 260 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की योजना है। इससे जम्मू-कश्मीर में ऊर्जा उपलब्धता को मजबूती मिलेगी और देश की बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को भी गति देने वाली है। इसके साथ ही भारत सरकार चिनाब नदी पर प्रस्तावित सावलकोट हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर भी गंभीर तैयारी कर रही है। करीब 1856 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना पूरी होने पर उत्तरी भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में शुमार होगी। भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि जम्मू-कश्मीर जैसे पर्वतीय क्षेत्र जलविद्युत की अपार संभावनाओं से भरे हुए हैं और इनका उपयोग राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए किया जाना चाहिए। अंततः चिनाब नदी पर भारत का यह कदम तकनीकी या ऊर्जा परियोजना भर नहीं है, यह बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों का संकेतक है। पाकिस्तान की बौखलाहट और आरोपों के बावजूद भारत यह संदेश देने में सफल रहा है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और संप्रभु अधिकारों पर कोई समझौता नहीं होगा। फिलहाल मोदी सरकार अपने कहे पर अडिग नजर आ रही है।

## विचार

# अंग्रेजी गैगेरियन कैलेण्डर 2025 नहीं केवल 444 वर्ष पुराना

रमेश शर्मा



**सिकन्दर आक्रमणकारी के रूप में भारत आया था और भारत से लौटते समय विभिन्न विषय के विद्वानों का दल अपने साथ ले गया था। उनमें पंचांग पद्धति विशेषज्ञ भी थे। इन विशेषज्ञों ने यूरोप जाकर यूरोपीय काल गणना पद्धति में संशोधन किये और जूलियन कैलेण्डर आरंभ किया। फिर पोप ग्रेगरी अष्टम ने 1582 में कुछ संशोधन किये और वर्तमान कैलेण्डर का यह स्वरूप सामने आया। पोप ग्रेगरी अष्टम ने ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि की गणना करके 1582 वर्ष पूर्व की तिथि 1 जनवरी निर्धारित की और इसी तिथि से कैलेण्डर आरंभ किया। ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि से लागू करने के कारण इसे ईस्वी सन् कहा गया और इस कैलेण्डर को पोप ग्रेगरी के नाम पर गेग्रेरियन कैलेण्डर नाम दिया। ग्रेगोरियन कैलेण्डर उपयोग किये गये महीनों और दिनों के नाम भी अंग्रेजों के अपने नहीं हैं। वे दुनियाँ की विभिन्न भाषाओं से लेकर रूपान्तरित किये गये है। सबसे पहले इसका नाम कैलेण्डर ही देखें। कैलेण्डर शब्द अंग्रेजी भाषा का नहीं है, लैटिन भाषा का है।**

एक जनवरी से नया साल आरंभ हो रहा है। पूरी दुनियां वर्ष 2026 में प्रवेश करेगी। यह अंग्रेजी कैलेण्डर 2025 वर्ष पुराना नहीं है, केवल 444 वर्ष पुराना है और भारत में 273 वर्ष पहले लागू हुआ था। दुनियां में काल गणना का इतिहास बहुत उतार-चढ़ाव से भरा है। विभिन्न देशों में अपने-अपने पुराने कैलेण्डर हैं। बीस से अधिक कैलेण्डरों का इतिहास उपलब्ध है। जिस अंग्रेजी कैलेंडर को आज की दुनियां में सबसे अधिक मान्यता है उसे ग्रेगेरियन कैलेण्डर कहा जाता है। इस कैलेण्डर के अनुसार संसार वर्ष 2026 में प्रवेश करने जा रहा है लेकिन यह कैलेण्डर इतना पुराना नहीं है। इसे आरंभ करने वाले पोप ग्रैगरी अष्टम थे। उनके नाम पर ही इस कैलेण्डर का नाम ग्रेगोरियन कैलेण्डर कहलाता है। यह कैलेण्डर 1582 ईस्वी में लागू हुआ था।

अंग्रेजों ने भारत में इस कैलेण्डर को 1753 में लागू किया था। अंग्रेजों ने आरंभ में इस कैलेण्डर को शासन व्यवस्था में लागू किया था और धीरे-धीरे समाज में घोला। अब पूरे भारत की जीवनचर्या इसी कैलेण्डर से संचालित होती है। आज भारत की आधुनिक पीढ़ी भले अपना अतीत भूल गयी हो पर यह गर्व की बात है कि यूरोप को काल गणना से परिचित कराने वाले भारतीय शोधकर्ता ही रहे हैं। यूरोप के प्राचीन इतिहास में वर्णन मिलता है कि दो सौ नावों से आर्यों का एक दल यूरोप गया था जिसने रोम की स्थापना की थी वे अपने साथ समय की गणना पद्धति लेकर गये थे। दूसरा विवरण सुप्रसिद्ध यूनानी सम्राट सिकन्दर के समय का है। सिकन्दर आक्रमणकारी के रूप में भारत आया था और भारत से लौटते समय विभिन्न विषय के विद्वानों का दल अपने साथ ले गया था।

उनमें पंचांग पद्धति विशेषज्ञ भी थे। इन विशेषज्ञों ने यूरोप जाकर यूरोपीय काल गणना पद्धति में संशोधन किये और जूलियन कैलेण्डर आरंभ किया। फिर पोप ग्रेगरी अष्टम ने 1582 में कुछ संशोधन किये और वर्तमान कैलेण्डर का यह स्वरूप सामने आया। पोप ग्रेगरी अष्टम ने ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि की गणना करके 1582 वर्ष पूर्व की तिथि 1 जनवरी निर्धारित की और इसी तिथि से कैलेण्डर आरंभ किया। ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि से लागू करने के कारण इसे ईस्वी सन् कहा गया और इस कैलेण्डर को पोप ग्रेगरी के नाम पर गेग्रेरियन कैलेण्डर नाम दिया। अंग्रेज जिस देश में व्यापार करने गये, शासक बने, उन्होने अपनी परंपराएं लागू कीं और यह ग्रेगेरियन ईस्वी सन् कैलेण्डर पद्धति भी।

अंग्रेज अपनी जड़ों और परंपराओं से इतने गहरे जुड़े रहे कि उन्होंने पूरी दुनियाँ को अपने ही परिवेश में ढाला। पता नहीं अंग्रेजों के पास क्या जादू था कि दुनिया से उनके शासन का अंत भले हो गया हो पर उनके द्वारा शासित रहे अधिकांश देश आज भी अंग्रेजी परंपराएँ और उनके इस ग्रेगोरियन कैलेंडर से ही अपनी सरकार और समाज चलाते हैं। कुछ देशों में भीतर अपनी निजी काल गणना पद्धति प्रचलित तो है, पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी दुनियाँ अंग्रेजी महीनों और तिथियों के अनुसार ही संचालित होती है । ग्रेगोरियन कैलेण्डर उपयोग किये गये महीनों और दिनों के नाम भी अंग्रेजों के अपने नहीं हैं। वे दुनियाँ की विभिन्न भाषाओं से लेकर रूपान्तरित किये गये है। सबसे पहले इसका नाम कैलेण्डर ही देखें। कैलेण्डर शब्द अंग्रेजी भाषा का नहीं है, लैटिन भाषा का है।

लैटिन भाषा में कैलेण्ड शब्द का अर्थ हिसाब-किताब होता है। उधर, चीन में कैलैण्ड का अर्थ चिल्लाना होता है। वहाँ ढोल बजाकर तिथि, दिन और समय की सूचना दी जाती थी। इस तरह कैलेण्ड शब्द से इस पद्धति का नाम कैलेण्डर पड़ा। इसे संसार में अलग-अलग देशों में अलग-अलग तिथियों में लागू किया गया।

यह ग्रेगोरियन कैलेंडर इटली, फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल ने सन् 1582 ईस्वी में, परशिया, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, हॉलैंड और फ्लैंडर्स ने 1583 ईस्वी में, पोलैंड ने 1586 ईस्वी में, हंगरी ने 1587 ईस्वी में, जर्मनी, नीदरलैंड, डेनमार्क ने 1700 ईस्वी में, ब्रिटेन और उनके द्वारा शासित लगभग सभी देशों में 1752 ईस्वी, जापान ने 1972 ईस्वी, चीन ने 1912 ईस्वी, बुल्गारिया ने 1915 ईस्वी, तुर्की और सोवियत रूस ने 1917 ईस्वी, युगोस्लाविया और रोमानिया ने 1919 ईस्वी में लागू हुआ।

## जहरीली मिट्टी : सिर्फ फसलों का नहीं, नस्लें बचाने का मसला

डा. अमृत सागर मित्तल

'पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत'-गुरु नानक देव जी के ये कालजयी शब्द हमें प्रकृति के महत्व से जोड़ते हैं। हमारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् भी भारत को बहती नदियों और हरी-भरी फ्सलों से लहलहाते खेतों के देश के रूप में नमन के लिए प्रेरित करता है। विडंबना यह है कि जब देश वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, तो वहीं दूसरी ओर हमारे पैरों तले जमीन एक बेहद भयावह कहानी बयां कर रही है। जो मिट्टी कभी देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण समृद्धि की आधारशिला थी, वह आज थकी है, खुराक के नाम पर खतरनाक रसायनिक खाद की बेतहाशा खपत से धरती का सीना छलनी है। यह सच्चाई भारत की पहली हरित क्रांति के केंद्र रहे पंजाब में साफ दिखाई देती है।

सड़कों, गगनचुंबी इमारतों, कारखानों और रोजगार की दौड़ एक हद तक जरूरी है, पर इस दौड़ की होड़ में हम एक बुनियादी सच भूल गए। प्रदूषित गैस चौंबर से ढका नील-गगन, जहरीला जल-थल फ्सलों, इंसानों, पशु-पक्षियों व सूक्ष्म जीवों के जीवन से खिलवाड़ है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण अब चेतावनियां नहीं, बल्कि जहरीले भूजल, गिरती कृषि उत्पादकता और बढ़ते रोगों के रूप में हमारी रोजमर्रा की सच्चाई बन चुके हैं। स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार आज हमारी ही नीतिगत सुस्ती की परीक्षा ले रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2025 की रिपोर्ट का निष्कर्ष बेहद चिंताजनक हैं। पंजाब देश के सबसे अधिक प्रभावित राज्य के तौर पर सामने आया है। मानसून के बाद लिए गए पानी के नमूनों में से 62.5 प्रतिशत में यूरेनियम की मात्रा निर्धारित सीमा 30 पी.पी.बी. (पार्ट्स प्रति बिलियन) से अधिक पाई गई, जबकि 2024 में 32.6 प्रतिशत नमूनों में यूरेनियम की मात्रा अधिक थी। एक ही वर्ष में जहरीले पानी के नमूनों में 91.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी चौंकाने वाली है। 23 में से 16 जिले प्रदूषित श्रेणी में हैं, संगरूर और बठिंडा के जल में यूरेनियम का स्तर 200 पी.पी.बी. से भी अधिक दर्ज किया गया। यह केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य आपातकाल है। यूरेनियम किडनी रोग और कैंसर से जुड़ा है।

नाइट्रेट और फ्लोराइड की अधिकता से 'ब्लू बेबी सिंड्रोम' और हड्डियों की बीमारियां बढने का खतरा है। पानी का खारापन और सोडियम कार्बोनेट उपजाऊ जमीन को बंजर बना रहे हैं। रासायनिक खादों का अंधाधुंध इस्तेमाल एक बड़े संकट का संकेत है। पंजाब में फर्टलाइजर्स की खपत 247.61 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर, राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है। कीटनाशकों की 77 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर खपत से पंजाब के किसान देश के सबसे बड़े खपतकारों में शामिल हैं। जो रसायनिक खादें कभी भरपूर पैदावार लाती थीं, आज मिट्टी की जैविक कार्बन घटा रही हैं, सूक्ष्मजीवों को नष्ट कर रही हैं, खाद्य श्रृंखला को प्रदूषित कर रही हैं। फर्टलाइजर्स सबसिडी का बोझ 2 लाख करोड़ रुपए सालाना से अधिक है। जहरीले हवा-पानी के बीच विकसित भारत की नींव बीमार मिट्टी पर नहीं टिक सकती। बठिंडा, मानसा और लुधियाना जैसे जिलों में 60 प्रतिशत मिट्टी के नमूनों में जहरीले कीटनाशक अवशेष खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि पानी और भोजन के जरिए शरीर में प्रवेश कर रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर कर रहे हैं। आने वाली नस्लों के खून में हम जहर पहले से ही घोल रहे हैं।

भारत की कीटनाशक नियंत्रण प्रणाली पुराने दौर में अटकी है। 1968 का कीटनाशक एक्ट और 1971 के नियम वर्तमान समय के मुताबिक नहीं हैं। 2020 के कीटनाशक प्रबंधन विधेयक में भी किसान सुरक्षा, स्पष्ट लेबङ्क्षलग मानक, शिकायत निवारण व्यवस्था और छोटे किसानों के लिए अनिवार्य सुरक्षा उपकरण जैसे अहम मसले छूट गए। किसानों में जागरूकता व ट्रेङ्क्षनग के हालात भी ङ्क्षचताजनक हैं। 15 करोड़ से अधिक किसानों वाले देश में बीते 3 दशकों में 6 लाख से भी कम किसानों को कीट प्रबंधन की ट्रेङ्क्षनग मिली है, जबकि यह सिर्फ फसलों का नहीं, नस्लें बचाने का मसला है। भविष्य की खेती को जांच-आधारित, जैव-विज्ञान पर केंद्रित व डिजिटल रूप से सशक्त करना होना होगा। सॉयल हैल्थ कार्ड स्कीम ने साबित किया है कि आंकड़ों पर आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को कारगर ढंग से लागू करना जरूरी है। पंजाब को एक डिजिटल सॉयल हैल्थ मिशन की जरूरत है, जो सैटेलाइट चित्रों, आर्टफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) एनालिसिस, मौसम आधारित मॉडलों और सॉयल सैंसिटिविटी को जोड़कर हर खेत-स्तर पर सलाह दे सके।



## राशिफल

**मेषः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच

**तुलाः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफ्लताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# लंदन के खालिस्तानी समर्थक व बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार

कैलाश चन्द्र



**इनमें से अनेक लोग अवैध प्रवासी हैं, कुछ स्थानीय वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हैं और कुछ का संबंध छोटे आपराधिक गिरोहों, ड्रग मनी, हवाला और धन-शोधन नेटवर्क से जुड़ा रहा है। जब आर्थिक आधार ही संदिग्ध और अंधेरे स्रोतों से आता हो, तब विचारधारा और राजनीतिक रुख भी उसी दिशा में ढल जाता है। ऐसे में इनकी राजनीति को मानवाधिकार आंदोलन कहना सत्य का अपमान होगा। यह वस्तुतः फंडिंग आधारित, एजेंडा चालित और भारत-विरोधी राजनीति है। इस पूरे तंत्र के पीछे गहरा और खतरनाक गठजोड़ काम करता है, जिसे कई सुरक्षा विश्लेषणों में आईएसआई-खालिस्तानी-इस्लामिस्ट गठजोड़ के रूप में चिन्हित किया गया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' लंबे समय से भारत को हजार घावों से कमजोर करने की रणनीति पर काम करती रही है।**

आज वैश्विक मंच पर कुछ ऐसे समूह सक्रिय हैं जो स्वयं को मानवाधिकारों का ठेकेदार और उत्पीड़ितों की आवाज बताने में पीछे नहीं रहते। लंदन, टोरंटो और यूरोप के कई शहरों में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक इसी श्रेणी में आते हैं। ये लोग भारत में कथित अल्पसंख्यक अत्याचारों के नाम पर प्रदर्शन करते हैं, नारे लगाते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन यही लोग जब बांग्लादेश, पाकिस्तान या अन्य इस्लामी देशों में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों, नरसंहार, बलात्कार और मंदिर विध्वंस की घटनाओं का सामना करते हैं तो उनकी तथाकथित मानवता अचानक मौन धारण कर लेती है।

यह मौन सामान्य नहीं है। यह चयनित संवेदना का परिणाम है, जो किसी नैतिक मूल्य से नहीं उपजा है, यह एक सुनियोजित राजनीतिक एजेंडे से संचालित है। कई बार स्थिति इससे भी आगे बढ़ जाती है, जब बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध के बजाय ये समूह जय बांग्लादेश जैसे नारे लगाते दिखाई देते हैं। यह आचरण स्पष्ट करता है कि इनके लिए मानवाधिकार सार्वभौमिक मूल्य नहीं बल्कि राजनीतिक औजार मात्र है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि लंदन और पश्चिमी देशों में सक्रिय अधिकांश खालिस्तान समर्थक संगठन मानवीय चिंता के लिए खड़े न होकर भारत-विरोधी नैरेटिव को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खड़े किए गए हैं।

इनमें से अनेक लोग अवैध प्रवासी हैं, कुछ स्थानीय वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हैं और कुछ का संबंध छोटे आपराधिक गिरोहों, ड्रग मनी, हवाला और धन-शोधन नेटवर्क से जुड़ा रहा है। जब आर्थिक आधार ही संदिग्ध और अंधेरे स्रोतों से आता हो, तब विचारधारा और राजनीतिक रुख भी उसी दिशा में ढल जाता है। ऐसे में इनकी राजनीति को मानवाधिकार आंदोलन कहना सत्य का अपमान होगा। यह वस्तुतः फंडिंग आधारित, एजेंडा चालित और भारत-विरोधी राजनीति है। इस पूरे तंत्र के पीछे गहरा और खतरनाक गठजोड़ काम करता है, जिसे कई सुरक्षा विश्लेषणों में आईएसआई-खालिस्तानी-इस्लामिस्ट गठजोड़ के रूप में चिन्हित किया गया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' लंबे समय से भारत को हजार घावों से कमजोर करनेकी रणनीति पर काम करती रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत खालिस्तानी अलगाववादियों को वित्तीय सहायता, प्रचार संसाधन और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराए जाते हैं। लंदन और यूरोप में सक्रिय कुछ इस्लामी कट्टरपंथी नेटवर्क और संगठन इन्हें लॉजिस्टिक सहायता देते हैं। इन सभी का साझा उद्देश्य एक ही है- भारत को वैश्विक मंच पर बदनाम करना और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक एकता पर प्रश्नचिह्न लगाना। ऐसे गठबंधन के लिए बांग्लादेश या पाकिस्तान में हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार कोई मुद्दा नहीं बनते क्योंकि वे इनके विक्टिम बनाम पर्पट्रेटर नैरेटिव में फिट नहीं बैठते। इनके वैचारिक ढांचे में मुसलमान सदैव पीड़ित और भारत अथवा हिन्दू समाज सदैव उत्पीड़क के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यदि ये लोग बांग्लादेश में हिन्दू लड़कियों पर हो रहे अत्याचार, परिवारों के कत्लेआम और मंदिर विध्वंस की निंदा करेंगे तो यह पूरा झूठा नैरेटिव ध्वस्त हो जाएगा और इनके इस्लामी सहयोगी उनसे दूरी बना लेंगे। यही कारण है कि जब बांग्लादेश में हिन्दुओं के गाँव जलाए जाते हैं, महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार होता है और सैकड़ों परिवार पलायन को मजबूर होते हैं तब ये तथाकथित मानवाधिकार रक्षक चुप रहते हैं। यह चुप्पी उनकी सच्चाई उजागर करती है। उनके लिए मानवाधिकार नहीं बल्कि राजनीतिक गठबंधन और फंडिंग अधिक महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों जैसे लंदन, हार्वर्ड और टोरंटो विश्वविद्यालयों में वर्षों से लेफ्ट-इस्लामिस्ट-खालिस्तानी गठजोड़ सक्रिय देखा जा सकता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार के नेतृत्व में संघन हुआ कार्यक्रम

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के पड़ुई गांव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अभ्यास वर्ग खंड प्रचारक सचिन के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम में चित्रकूट मंडल के विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल ने स्वयं सेवकों को आगामी हिन्दु सम्मेलन कार्यक्रम व पंच परिवर्तन की जानकारी दी। इस अवसर पर हमीरपुर जिले के सह शारीरिक प्रमुख शुभम द्विवेदी, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, ओपेंद्र सिंह, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों स्वयं सेवक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### नगर पंचायत के द्वारा जलाएं जा रहे है गीले अलाव



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में नगर पंचायत द्वारा जलाए जा रहे अलाव में गीली लकड़ी का प्रयोग करने से लकड़ी जल नहीं पा रही है। इससे लोगों को सर्दी से राहत भी नहीं मिल पा रही है। कस्बा कुरारा में नगर पंचायत द्वारा सर्दी से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन अलाव की लकड़ी गीली होने के कारण अलाव ठीक ढंग से नहीं जल पा रहे हैं। इससे लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। कस्बा निवासी लोगो ने बताया कि बस स्टैंड के पास अलाव में गीली लकड़ी लगा दी गई है। जिससे लकड़ी धुंआ देकर बुझ जाती है। कर्मचारी लकड़ी डालकर डीजल डालकर तथा टायर का टुकड़ा लगाकर आग जला कर फोटो लेकर चले जाते है तथा अलाव थोड़ी देर में ठंडा हो जाता है। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड व बेरी तिराहे पर यात्रियों का आवागमन रहता है। सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने अलाव में सूखी लकड़ी लगाए जाने की मांग नगर पंचायत प्रशासन से की है।

### सिरफिरे की हरकतों से परेशान छात्रा ने जहर खाकर दी जान

**खरेला/महोबा।** सिरफिरे की हरकतों से परेशान होकर स्नातक की छात्रा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर मौत को गले लगा लिया। छात्रा ने जहर खाने का वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। आपका अपना अखबार समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। छात्रा की मौत के बाद पुलिस ने सिरफिरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। खरेला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा बीए फाइनल वर्ष की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि विगत कई दिनो से एक सिरफिरा छात्रा को परेशान कर रहा था। कालेज जाने से लेकर कोचिंग जाने के दौरान सिरफिरा रास्ता रोककर परेशान करता था। छात्रा सिरफिरे की हरकतों को नजरअंदाज करने लगी बाद में सिरफिरा मोबाइल पर मैसेज भेजकर परेशान करने लगा जिससे परेशान होकर छात्रा ने बुधवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। छात्रा ने मोबाइल पर लाइव आकर जहरीले पदार्थ को सेवन किया। छात्रा का जहर खाकर जान देने का वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। जहर खाने से छात्रा की हालत बिगड़ने के बाद परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां ले जाते समय रास्ते में छात्रा ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक रामनरेश राजपूत निवासी जरौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच शुरु कर दी है। मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि पिता की तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने सहित अन्य संगीन धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन की जा रही है।

### परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से दो दंपतियों के परिवार में लौटी खुशियां

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 12 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था की गहन काउंसलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप कई पति-पत्नी पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक न्यास अहमद, महिला कांस्टेबल रेखा देवी, महिला कांस्टेबल प्रीति देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी एवं मोहम्मद हनीफ आदि सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### एएसपी ने अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर दी भावुक विदाई



**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी। निरीक्षक लिपिक शशि तोमर, उपनिरीक्षक काली चरन,कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह की विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अधिकारी,कर्मचारीगण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई

- आयीं 92 शिकायतें, अधिकांश का मौक़े पर निस्तारण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु



जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## ककरुउ गांव में डाली जा रही सीसी रोड खामी, कार्यदाई संस्था की सदर विधायक से शिकायत

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड क्षेत्र के ककरुउ गांव में डाली जा रही सीसी रोड में कार्यदाई संस्था द्वारा ठीक से कार्य न किए जाने से ग्रामीणों ने सदर विधायक को शिकायती पत्र देकर मानक के अनुसार निर्माण कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ककरऊ गांव में रमेश प्रजापति के मकान से करियापुर संपर्क मार्ग तक सी सी रोड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसमें अभी गिट्टी डालकर डस्ट भी नहीं डाली गई है। तथा रास्ते में पढ़ने वाले खाद के गड्ढों में ऊपर से गिट्टी डाली गई है। जिससे उन गड्ढों में सी सी रोड कमजोर रहेगा। तथा मजबूती नहीं होगी ग्रामीणों ने बताया कि सी सी रोड का निर्माण कार्यदाई संस्था द्वारा मानक के अनुसार नहीं



किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति से शिकायती पत्र देकर मानक के अनुसार निर्माण कराए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में गांव निवासी रवि दीक्षित, देवेंद्र कुमार, गजेन्द्र प्रजापति, भूरा प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, नफीस, सुनील कुशवाहा सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## पांडव गेस्ट हाउस में बसपा की हुई बैठक, हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता

**मौदहा, हमीरपुर।** बीएसपी कार्यकर्ताओं 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर हुंकार भरी नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को मजबूती के साथ खड़ा करने एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने की चर्चा की गया।नगर के पांडव गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित होकर जिले के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छोटेलाल वर्मा का माल्यार्पण करते हुए खुशी जहर की बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम ने आगामी 15 जनवरी को बांदा में बहन मायावती के जन्मदिवस के अवसर पर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की, मंडल प्रभारी बलदेव वर्मा ने कार्यकर्ताओं मैं जोश भरते



हुए संगठन के हित में एवं मजबूती के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील किया।पूर्व प्रधान मातादिन में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बहन मायावती को सुशोभित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से तन मन धन से सहयोग करने की बात कही यह अवसर पर राठ विधानसभा एवं हमीरपुर विधानसभा के कार्यकर्ता डॉक्टर सोनू निषाद, नाथूराम वर्मा, अभिषेक वर्मा, राम सिंह वर्मा, रमेश, दीपू वर्मा, अरविंद कुटार, गजराज वर्मा, कामता प्रसाद, धर्मेंद्र सोनकर, छिद्धू खान, मोहसिन कमल, कृष्णा देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लगातार कोहरे से अरहर की फसल का फूल गायब

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पिछले एक पखवारे से लगातार पड़ रहे कोहरे के चलते अरहर की फसल से फूल गायब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ठंड एवं कोहरे का कहर पिछले एक पखवारे से निरंतर जारी है बगैर बरसात के लगातार कोहरा पड़ने से दलहनी एवं तिलहनी फसले लगातार प्रभावित हो रही है पिछली एक पखवारे से पड़ रहे कोहरे ने अरहर की फसल का फूल लील लिया है। इस फसल से फुल पूरी तरह गायब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान श्री राम श्रीवास, उदयभान, रामस्वरूप, सुरेश कुमार, धीरेंद्र यादव, विनय सिंह आदि ने



बताया कि कोहरे से सर्वाधिक नुकसान मसूर और अरहर को हुआ है दोनों फसलों से फुल पूरी तरह से गायब हो गया है जबकि जनवरी-फरवरी माह अरहर के फूल फल फूलने का होता है। फूल गायब होने से किसानों को इस फसल में झटका लग सकता है कृषि रक्षा इकाई के वैज्ञानिक भी मानते हैं कि अरहर और मसूर में ठण्ड एवं कोहरे का विपरीत असर पड़ा है अरहर और मसूर ज्यादा कोहरा एवं ठंड बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इस वजह से दोनों फसलों का फूल नष्ट हुआ है। मौसम साफ होने के बाद पहुआ हवा पाते ही दोनों फसलों में पुनः फूलों का अच्छादन होगा और फसल अच्छी होगी। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## एक बनेंगे नेक बनेंगे, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा के जयकारों के साथ निकली कलश यात्रा



**अजनर/महोबा।** कस्बा के श्री सुखानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक स्वामी सुखानन्द महाराज की 41वीं पुन्यतिथि के अवसर पर सुखानन्द शिक्षा संस्थान के प्राँगण में गुरुवार को पाँच कुन्डीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।जिसके उपलक्ष्य मे बिद्यालय के बच्चो ने आज कलश यात्रा निकाली कलश यात्रा बिद्यालय,प्राँगण से प्रारम्भ हो थाना होते हुए गाँव की गलियो से गुजरती हुई बस स्टेन्ड होकर बिद्यालय मे समाप्त हुई। कलश सिर पर रखे बच्चियाँ मंगल गीत गाती चल रही थी। इस मौके पर गायत्री परिवार से ओमप्रकाश सक्सेना, जगदीश आग्नेय, रमेश पुजारी विद्यालय के अध्यक्ष फूल सिह तोमर, उपप्रबंधक डॉ. एस पाठक, प्रधानाचार्य अमर सिह सहित सभी अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय की संपन्न कराईं जा रहीं आनलाइन परीक्षाएं, पांच छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाए सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई गई वही परीक्षार्थियों के द्वारा अपनी परीक्षा छोड़े जाने का सिलसिला जारी है मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि शाम पाली में आयोजित बीए प्रथम सेमेस्टर माइनर अनिवार्य विषय आधार एवम पोषण के लिए 70 छात्राये पंजीकृत थी जो सभी उपस्थित रही।कस्बा बिवांर के हीरानन्द पीजी कालेज बिवांर के



प्राचार्य डॉ अभिनन्दन सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय अर्थशास्त्र की परीक्षा के लिए5 छात्राओ ने अपनी परीक्षा दी,शाम पाली मे आयोजित हुई बीए प्रथम सेमेस्टर अनिवार्य माइनर विषय आधार एवम पोषण की परीक्षा के लिए 182 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 5 ने अपनी परीक्षा छोड़ी।

लोदीपुर निवादा में संचालित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय के केंद्राध्यक्ष डॉ शिवमंगल तिवारी ने बताया कि शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर माइनर विषय कि परीक्षा 206 छात्र/छात्राको पंजीकरण था जिसमे 5 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी।वही हरपाल सिंह कन्या मैमोरियल महाविद्यालय बिवार के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र बहादुर ने बताया कि सुबह पाली में 2 छात्रों ने अपनी परीक्षा दी वही शाम पाली में आयोजित हुई परीक्षा में 130 परीक्षार्थियों को देनी थी 7 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी। बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के प्राचार्य डॉ अरविन्द्र पांडेय ने बताया कि बुधवार को सुबह व शाम पाली में आयोजित हुई परीक्षा के लिए 249 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 10 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी।

### मयके गयी पत्नी से नाराज़ युवक ने लगाई फांसी

**मौदहा(हमीरपुर)।** मायके गई पत्नी से नाराज युवक ने फांसी लगाकर दी जान परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी अनूप उर्फ बालेन्द्र कुमार 37 पुत्र स्व. राजबहादुर बुधवार दोपहर सूने घर के कमरे में रस्सी से फन्दा लगाकर लटक गया। परिजनों ने बालेंद्र को लटकता देख कोहराम मच गया। आनन-फानन में नीचे उतार देखा तो वह मर चुका था। ग्राम प्रधान अंशिका गौतम ने बताया कि बालेन्द्र पांच भाइयों में सबसे छोटा था। तीन दिन पूर्व इसकी पत्नी लक्ष्मी अपने मायके ग्राम पंधरी गई थी उसी से नाराज होकर आज उसने फांसी लगा ली है। इसके एक बेटा है वह गांव में ही रहकर किसानी किया करता था। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नही मिली है।

## नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन में अधिवक्ता परवीन शान की उत्तर प्रदेश राज्य कानूनी सलाहकार के रूप में नियुक्ति

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महिलाओं की सुरक्षा,सशक्तिकरण एवं जागरूकता के क्षेत्र में देशभर में सक्रिय नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन (पंजीकरण संख्या एफ/22873/ अहमदाबाद) द्वारा उत्तर प्रदेश की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला अग्रणी एडवोकेट परवीन शान को उत्तर प्रदेश राज्य का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। एडवोकेट परवीन शान जनपद महोबा के ब्लॉक पनवाड़ी तिगैला की निवासी हैं तथा वर्तमान में जनपद मुख्यालय महोबा में निवास कर सामाजिक कार्यों एवं महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए निरंतर सक्रिय हैं। वे पिछले दस वर्षों से विभिन्न राज्यों एवं अनेक गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर महिला सुरक्षा,अधिकार एवं न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुकी हैं। संस्था के संचालक, गुजरात के पूर्व न्यायाधीश एवं मैनेजिंग ट्रस्टी प्रदीप सोनी ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि एडवोकेट परवीन शान से जनहित एवं महिला सुरक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपने अनुभव और सामाजिक प्रतिबद्धता के बल पर वे महिलाओं को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट परवीन शान पिछले एक वर्ष से महिला सुरक्षा फाउंडेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष के रूप में महोबा जिले की जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही थीं। उनके उत्कृष्ट कार्यों, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक योगदान से प्रभावित होकर संस्था द्वारा उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य के लिए कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से उनके समर्थकों, सामाजिक संगठनों एवं महिलाओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है तथा महिला सुरक्षा और न्याय के क्षेत्र में इसे एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### अवधेश कुमार ने रक्तदान कर बचाई अमृता की जान

**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती बाचरौली निवासी रमेश कुमार की पुत्री अमृता को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य अवधेश कुमार ने O+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान का।




## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांकः-829/PRO/नि0वि0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांकः- 31.12.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा राज्य सेक्टर योजना अन्तर्गत सी0सी0 सड़क निर्माण के 67 कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्ते बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 06-01-2026 (03:00PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 06-01-2026-(04:00PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि / समय | 27-01-2026-(03:00PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 27-01-2026-(04:00PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर


## भांजे के प्यार में पागल मामी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा था मौत के घाट

- 11 दिसम्बर को क्षतविक्षत अवस्था में पड़ा मिला था श्यामसुंदर सेन का शव
- पुलिस ने खौफनाफ़ वारदात को अंजाम देने के आरोपी मामी-भांजे को किया गिरफ्तार

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भांजे के प्यार में पागल तीन बच्चों की मां ने अपने ही पति को प्रेमी के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। सात जन्मों तक रिश्ता निभाने की कसमें खाने वाली पत्नी के अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर जघन्य वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने के इरादे से आरोपी पत्नी और भांजे ने मृतक के शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया था जिसका क्षतविक्षत अवस्था में शव पड़ा मिलने से जंगली जानवरों द्वारा शव को नुकसान पहुंचाने की आशंका जता पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के बेटे द्वारा अपनी ही बुआ के बेटे पर मां से प्रेम संबंध होने के शक में पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच करा कार्रवाई की माँग की गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो दिल को दहला देने वाला सच सामने आया जिसने सभी को हैरत में डाल दिया। दरअसल बीते 8 माह से अपने मामा के घर में रह रहे भांजे को अपनी ही मामी से प्यार हो गया था। जिसके बाद प्रेमी भांजे के प्यार में पागल पत्नी ने पति को





ठिकाने लगाने की साजिश रच डाली। पत्नी ने भांजे के साथ मिलकर पहले रस्सी से रंजीत का गला घोंटा और उसके बाद पत्थर से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी भांजे को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पति-पत्नी के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली यह सनसनीखेज वारदात कबरई थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके की है। जहां के रहने वाले 45 वर्षीय श्याम सुंदर सेन का बीते 11 दिसंबर को घर के पास सुनसान इलाके में क्षतविक्षत अवस्था में शव पड़ा मिला था। सूचना पर पुलिस ने मृतक के परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू की तो परत-दर-परत खुलकर सामने आए मामले ने सभी को हैरत में डाल दिया। दरअसल मृतक श्याम सुंदर की पत्नी गोमती के अवैध सम्बन्ध बीते आठ महीनों से उसके ही घर में रह रहे मूल रूप से सीमावर्ती बाँदा जिले के मटोंध कस्बे के रहने वाले मृतक के भांजे सुजीत से हो गए थे। मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने बताया कि कबरई थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व श्याम सुंदर सैनी का शव क्षतविक्षत अवस्था मे मिला था । घटना में जांच द्वारा पता चला कि मृतक श्याम सुंदर का भांजा बीते 8 माह से उसके घर में रह रहा था और मृतक की पत्नी और भांजे ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नेकपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

आरजीएसए/राज्य वित्त योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 01.01.2026 से 08.01.2026 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेकपुरा | सी.एस.सी. कक्ष निर्माण कार्य | 2 प्रतिशत | 6.17 लाख | ईटा,बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट, पेन्ट, टाइल्स आदि | 10X6 मी. | 6 माह |

2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव

# एसआई श्रीकेश्वर कुमार को मिला डबल स्टार

थानाध्यक्ष ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं थाना विशेश्वरगंज में सम्मान का क्षण



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज परिसर बुधवार को सम्मान और गौरव का साक्षी बना, जब पदोन्नति प्राप्त उपनिरीक्षक श्रीकेश्वर कुमार को विधिवत रूप से डबल स्टार पहनाया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने स्वयं आगे बढ़कर उनके कंधे पर डबल स्टार लगाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सादगीपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपनिरीक्षक श्रीकेश्वर कुमार की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली सदैव प्रेरणादायक रही है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि श्रीकेश्वर कुमार ने अपने सेवाकाल में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई है। यह पदोन्नति उनके सतत परिश्रम, निष्ठा और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगे भी वे पूरी निष्ठा से जनसेवा करते रहेंगे। डबल स्टार प्राप्त करने के बाद उपनिरीक्षक श्रीकेश्वर कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए नई जिम्मेदारी के साथ नई ऊर्जा भी लेकर आया है।

उन्होंने कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में थाने के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान के इस क्षण ने थाना परिसर को गर्व और उत्साह से भर दिया।

## तीन पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के 03 पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर फ्रपुलिस लाइन सभागारफ्र में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार के द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उपनिरीक्षक उमा शंकर सिंह, उपनिरीक्षक प्रकाश पाण्डेय व आरक्षी चालक विनय कुमार सिंह को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया। तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# वीर एकलव्य जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन सांसद व जनप्रतिनिधियों ने किया माल्यार्पण

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** वीर एकलव्य निषाद चेतना संस्थान की ओर से वीर एकलव्य जयंती समारोह का आयोजन नाथू बाबा देव स्थान, ग्राम जालिम नगर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आनन्द कुमार गौड़ तथा विशिष्ट अतिथि निवर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गौड़ रहे। इसके अलावा ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा ÷सौरभ÷, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, आलोक जिंदल सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत वीर एकलव्य की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। मुख्य अतिथि आनन्द कुमार गौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि वीर एकलव्य अपनी प्रतिभा, समर्पण और दृढ़ संकल्प के कारण उस समय के महान धनुर्धर थे। वे हमें सिखाते हैं कि विपरीत परिस्थितियां सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बनतीं। समाज के बच्चों को सही दिशा देना हमारी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गौड़ ने कहा कि भगवान राम हमेशा वनवासियों, आदिवासियों और गरीबों से मिलकर प्रसन्न होते थे। हमें भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और सहयोग की भावना पहुंचानी चाहिए।अन्य वक्ताओं में ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा सौरभ, आलोक जिंदल, वीरेन्द्र गुप्ता, रामाशंकर गौड़, परमदेव निषाद आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत प्रधान वीरेन्द्र गुप्ता, केशवराम, कैलाश निषाद, रामू निषाद, छैलू निषाद सहित अन्य ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर किया। संचालन बलराम निषाद ने किया। सभा में सुड्डू सिंह, बबलू सिंह, मोतीलाल निषाद, अमित चौधरी, रामदयाल मौर्य, गुरमीत सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समापन पर सभी ने वीर एकलव्य के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



## खबरें एक नजर में

### अलाव तापते समय महिला झुलसी, इलाज जारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के पयागपुर इलाके में अलाव तापते समय एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला झुलस गई। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सतरही ग्राम निवासी मालती देवी (65) ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रही थीं। इसी दौरान अचानक आग की लपटें तेज हो गईं और वह उनकी चपेट में आ गईं। पास मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाकर मालती देवी को बचाया। हालांकि, तब तक उनके हाथ और पैर झुलस चुके थे। परिजनों ने उन्हें पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल, मालती देवी को जिला अस्पताल के बर्न वॉर्ड में भर्ती कर चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है।

### नव वर्ष आगमन पर अधिवक्ताओं ने किया रमचरित मानस पाठ

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन के डॉ राजेन्द्र प्रसाद पार्क में संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती प्रसाद पाण्डेय, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी,महामंत्री संजय कुमार सिंह ने नववर्ष आगमन पर श्री राम चरित्र मानस पाठ का शुभारम्भ करते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना करते हुए पूजा पाठ करते हुए धार्मिक अनुष्ठान किया।श्री रामचरित मानस पाठ के अनुष्ठान में पूर्व महामंत्री अनिल कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष संगम लाल सिंह,कृष्ण कांत तिवारी, कौशल कांत शुक्ल, राम फेर प्रजापति, अवध बिहारी शरण पाण्डेय,संतोषी लाल तिवारी,राजू चौबे, संदीप तिवारी, रजनी तिवारी, सोनू दूबे, आशीष श्रीवास्तव, रमेश सिंह, पंकज सिंह, पाटेश्वरी दत्त पाण्डेय, सुनील कुमार पाण्डेय, कृष्णा नंद पाण्डेय आदि सैकड़ों अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता समुदाय और राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना किया। कार्यक्रम के संयोजक भगौती प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि समापन बार-बेंच की सुख समृद्धि के लिए जनपद न्यायाधीश डी एन सिंह सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही एक सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें तमाम बुद्धि जीवी और पत्रकार को आमंत्रित किया गया है।

### गरीबों की सेवा भगवान की सेवा से काम नहीं

**मनकापुर /गोंडा- समृद्धि न्यूज।** भयंकर शीतलहरी कड़ाके की ठंड में गरीबों में कंबल बांटना किसी यज्ञ से कम नहीं है। गरीबों की सेवा भगवान की सेवा है वक्त बातें अदिति ऊर्जा घर मनकापुर के प्रबंधक तरुण श्रीवास्तव ने कही। इस अवसर पर कटहर बुटहनी, मछली गांव, दिनकरपुर, बल्लीपुर, शास्त्री नगर, गांधीनगर, गोहन्ना, मसकनवा आदि स्थलों के दर्जनों लोगों गोपी, हीरा, चंद्रा, शांति, सुमन, जग पता, चंद्रकांता, सावित्री, लक्ष्मी, आसाराम, राजकुमार पांडे, शीला, धनीराम, अनीता, रामदुलारी सोनी, उर्मिला, कमला, ओमप्रकाश, रमाकांत गिरी, सोमनाथ, दलपता, रंजीत ने कंबल प्राप्त किया। इस अवसर पर मानस मंगल दल सेवा समिति मनकापुर के संस्थापक रामकुमार नारद ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा समाज के और लोगों को गरीबों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कंबल वितरण काली माता मंदिर शास्त्री नगर पर किया गया।

### आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन, भुगतान न होने से आक्रोश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली परिसर में मंगलवार को आशा बहुओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आशा कार्यकत्रियों का आरोप है कि उन्हें वर्ष 2022 से 2024 तक टीबीआई (टीबी उन्मूलन) कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत देय मानदेय व प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण आशा बहुएं आर्थिक संकट से जूझ रही हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। धरना दे रही आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर टीबी रोगियों की पहचान, दवा वितरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, परिवार नियोजन सहित अनेक सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका मेहनताना समय पर नहीं दिया जा रहा है। कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। आशा बहुओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर सीएचसी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### दीवार फांदकर घर में घुसे चोर नकदी व जेवरात चोरी

**ईसानगर (खीरी), समृद्धि न्यूज।** थाना ईसानगर क्षेत्र में बीती रात दिनांक 27 दिसंबर 2025 को ग्राम अवस्थीपुरवा मजरा रामलोक निवासी मिथलेश कुमार पुत्र रामेश्वर पाण्डेय के घर अज्ञात चोर दीवार फांदकर घुस आए और घर में रखा कीमती सामान व नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार चोर घर से हर, झुमकी (एक जोड़ी), झाला, कमर बिछुआ, मोटी पायल (दो जोड़ी), छह अंगूठियां, लगभग 40 चांदी के सिक्के तथा 23,000 नकद समेत साली के समस्त जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# मरघट के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव

समृद्धि न्यूज

**शिवपुर, बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जब मटेरा कला ग्राम पंचायत के दीवानपुरवा गांव स्थित मरघट के पास शीशम के पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। करीब साढ़े 12 बजे घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर प्रधान प्रतिनिधि संदीप कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे तथा तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी।

खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने सबसे पहले शव को देखा और दहशत में आकर इसकी सूचना ग्रामीणों के बीच फैल गई। मौके पर थानाध्यक्ष आनंद सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। जांच के दौरान मृतक की पहचान धनीराम यादव (उम्र 32 वर्ष) पुत्र कमला प्रसाद, निवासी संकल्पा राजापुर कला के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि धनीराम मंगलवार को किसी के फोन आने पर घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



### डंपर-ट्रक आपस मे टकराकर पलटे, दोनों वाहनों के चालक घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के जरवल रोड इलाके में मंगलवार रात एक डंपर और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन पलट गए और उनके चालक घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। यह हादसा तब हुआ जब गोंडा से मौरंग उतारकर लखनऊ जा रहे एक डंपर की लखनऊ से मुर्गी का दाना लेकर बहराइच आ रहे एक मिनी ट्रक से टक्कर हो गई। डंपर चालक कानपुर निवासी मोहित और ट्रक चालक मोहम्मद तालिब इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। सड़क के बीचों-बीच हुए इस हादसे के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। जरवल पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल चालकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। इसके बाद, क्रेन मंगवाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया गया, जिससे आवागमन सामान्य हो सका। घायल चालकों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### गेहूं के खेत में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों ने हाका लगाकर जंगल की ओर खदेड़ा

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग अंतर्गत निशानगाड़ा रेंज में मंगलवार रात करीब 9 बजे एक तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी में घुस गया। यह घटना कारीकोट ग्राम पंचायत के आजमगढ़ पुरवा गांव में हुई। पेट्रोलिंग कर रहे गजमित्र केशराम ने चड़रिया निवासी हेमंत पंडित के गेहूं के खेत में तेंदुए को घूमते देखा। गजमित्र के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर जमा हो गए। गांव निवासी अमृतपाल सिंह, सगीर अहमद, इसरार और गोपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर हाका लगाया और तेंदुए को जंगल की ओर खदे? दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। कुछ ग्रामीणों ने तेंदुए की तस्वीर भी अपने कैमरे में कैद की और निशानगाड़ा रेंज कार्यालय के वन कर्मियों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुओं का आबादी में आना लगातार बना हुआ है। वे वन विभाग से शाम के समय आबादी वाले इलाकों में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं।

# अलाव ताप रहे परिवार को कार ने रौंदा, डीएम के रिटायर्ड अर्दली की मौत, पत्नी-बेटा घायल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के दरगाह इलाके में मंगलवार रात एक सड़क हादसा हुआ। ठंड से बचने के लिए घर के बाहर अलाव ताप रहे एक परिवार को अनियंत्रित ऑल्टो कार ने रौंद दिया। इस हादसे में बुजुर्ग पति की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना अशरफा ग्राम में हुई।

मृतक की पहचान सुंदर लाल यादव (जो पूर्व में जिलाधिकारी के अर्दली रह चुके थे) के रूप में हुई है। वे अपनी पत्नी पूजा और बेटे अमरीश के साथ घर के बाहर अलाव ताप रहे थे। तभी गांव के ही रहने वाले प्रदीप नामक युवक ने अपनी ऑल्टो कार से तीनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक प्रदीप मौके से फरार हो गया। परिजन और ग्रामीण तीनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने सुंदर लाल यादव को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी पूजा और बेटे अमरीश का इलाज जारी है। दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार आरोपी युवक प्रदीप की तलाश की जा रही है।

# ठंड में एक-दूसरे की मदद करें और जरूरतमंदों के प्रति रहें संवेदनशील

समृद्धि न्यूज

पुलिस महानिरीक्षक ने कार्रवाई की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

**गोंडा।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर की जा रही मिशन शक्ति समीक्षा में बुधवार को थाना मटेरा जनपद बहराइच व थाना तरबगंज जनपद गोण्डा व थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर की समीक्षा की गयी। समीक्षा में थाना तरबगंज जनपद गोण्डा द्वारा अभियान के तहत की गई कृत कार्यवाही एवं सूचनाओं का अंकन स्ह्रक्क के अनुरूप नही पाया गया। इनके द्वारा काउंसलिंग प्रक्रिया, निरोधात्मक कार्यवाही, निस्तारित प्रकरणों का फीडबैक एवं जनसुनवाई जैसे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नही किया गया था। जिस पर आईजी अमित पाठक द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

महिला हेल्प हेल्प डेस्क समेत अन्य कार्यवाही संतोषजनक पाई गई। थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रियान्वयन निर्धारित एसओपीके अनुरूप किया गया।

जनसुनवाई रजिस्टर के अंकन में आंशिक कमियाँ पाई गयीं, जिन्हें सुधारने सुधारने के निर्देश दिए गए। इनके द्वारा काउंसलिंग एवं निरोधात्मक कार्यवाही में अच्छा कार्य किया गया। आईजी अमित पाठक द्वारा सराहना की गई।

थाना मटेरा जनपद बहराइच द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रियान्वयन बेहद अच्छे ढंग से किया गया। इनके द्वारा समस्त कार्यवाही गुणवत्तापूर्ण और बेहतर ढंग से की गई। आइजी अमित पाठक द्वारा अपहृत/गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयुक्त दंपत्ति ने वृद्धाश्रम में बांटे शॉल



समृद्धि न्यूज

बुजुर्गों के साथ नववर्ष का स्वागत, आयुक्त व धर्मपत्नी ने बढ़ाया अपनत्व का हाथ

**गोण्डा।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मानवता, सेवा और संवेदना का सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब देवीपाटन मण्डल के आयुक्त अपनी धर्मपत्नी के साथ पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें सर्दी से बचाव हेतु शॉल वितरित किए।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील एवं उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर न केवल उन्हें शॉल भेंट किए, बल्कि उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक है। नव वर्ष के आगमन से पहले वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें अपनत्व और सम्मान का अहसास कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर आयुक्त दंपति के सुपुत्र भी उपस्थित रहे। परिवार के साथ वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से संवाद करना एक भावनात्मक और प्रेरक क्षण रहा, जिसने पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक दायित्व का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण सीख रही कि जीवन के इस पड़ाव पर पहुंचे बुजुर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार और सेवा भावना कितनी आवश्यक है।शॉल पाकर वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। सभी वृद्धजनों ने इस स्नेहपूर्ण पहल के लिए आयुक्त दंपति का आभार व्यक्त किया और उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास उन्हें आत्मसम्मान और अपनापन महसूस कराते हैं। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किया गया यह सेवा कार्य समाज में करुणा, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### जरूरतमन्दों को सीआरओ ने वितरित किया कंबल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नायब तहसीलदार सदर गोण्डा एवं जिला आपदा विशेषज्ञ ने देर रात्रि में शहर के गुरु नानक चौराहा, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन सहित अन्य विभिन्न रैनबसेरों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। इसका मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना एवं उन्हें आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना था। जिलाधिकारी का यह प्रयास कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो। इसके लिए टीम ने कम्बलों का वितरण किया, जिससे गरीब तथा जरूरतमंद लोग अपनी रातें सुरक्षित और गर्माइश के साथ गुजार सकें। मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने बताया कि सरकार हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर है। इस स्थिति में यह आवश्यक है कि हम लोगों तक पहुंचें और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि रैनबसेरों में पर्याप्त कम्बल एवं अन्य आवश्यक सामग्री सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। नायब तहसीलदार सदर गोण्डा ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज का हर व्यक्ति यह महसूस करे कि उनकी सुरक्षा तथा भलाई के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है। जिला आपदा विशेषज्ञ ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से न केवल जरूरतमंदों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि समाज में एकजुटता की भावना भी जागृत होती है। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस ठंड में एक-दूसरे की मदद करें और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील रहें।

# सपा नेता रेहान पर धार्मिक टिप्पणी का आरोप, ब्राह्मणों व हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की उठी मांग

समृद्धि न्यूज

**बिजुआ (खीरी)।** समाजवादी पार्टी के नेता रेहान खान पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को ब्राह्मणों व हिंदू संगठनों के लोगों ने बिजुआ चौकी पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और आरोपी नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जय श्रीराम और रेहान खान होश में आओ, अभद्र भाषा शैली छोड़ो जैसे नारे लगाए। बताया गया कि यह विरोध प्रदर्शन रेहान खान द्वारा कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में किया गया। हिंदू समाज के लोगों द्वारा बिजुआ चौकी प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 29 दिसंबर 2025 को कुकरा थाना मैलानी क्षेत्र में आयोजित अंबेडकर पार्क के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता रेहान खान पुत्र साजिद खान ने सार्वजनिक मंच से सनातन धर्म के अनुयायियों के धार्मिक ग्रंथों के साथ-साथ ब्राह्मणों और दलित समाज के प्रति अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणी की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उक्त टिप्पणी जानबूझकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और समाज में तनाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से की गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नेता द्वारा दिए गए बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया, जिससे सनातन धर्म, ब्राह्मण और दलित समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम कुकरा में आयोजित एक भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम कुकरा निवासी गौरव कुमार मिश्र ने थाना मैलानी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को ग्राम कुकरा स्थित अंबेडकर मैदान में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। आरोप है कि इसी कार्यक्रम के दौरान ग्राम नगला, थाना पलिया निवासी रेहान खां ने अपने भाषण में ब्राह्मण समाज को लेकर टिप्पणी की, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और क्षेत्र में रोष का माहौल बन गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि दिए गए बयान से सर्व ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों की भूमिका की भी जांच कराए जाने की मांग की है, साथ ही आरोपी के विरुद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया है। पुलिस के अनुसार, प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की जांच उप निरीक्षक अभिलाष कुमार को सौंपी गई है।

### श्रीराम मंदिर निर्माण के दो वर्ष पूरे होने पर अयोध्यापुर से निकली बाइक रैली

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर निर्माण के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम सभा अयोध्यापुर से श्रीराम दरबार के साथ एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने किया। बाइक रैली अयोध्यापुर से प्रारंभ होकर महेशपुर-मोहम्मदी रोड, कस्बा ममरी, रोशन नगर, अंबरपुर सहित कई गांवों से गुजरती हुई पुनः अयोध्यापुर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। रैली के दौरान जय श्रीराम, हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। इस आयोजन को सफल बनाने में ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान एवं ब्लॉक मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वक्ताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

न्याय की मांग | हैदराबाद पुलिस पर विधवा ने अन्याय, अत्याचार व पक्षपात का लगाया आरोप

# न्याय के लिए दर-दर भटकी 75 साल की महिला

मुख्यमंत्री समेत एसपी व आईजी से की शिकायत



समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम सहुआपुर निवासी 75 वर्षीय वृद्ध विधवा सावित्री देवी ने थाना पुलिस पर अन्याय, उत्पीड़न और पक्षपात का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से न्याय की गुहार लगाई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्रभावशाली विपक्षी पक्ष के साथ मिलीभगत कर उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई की, जबकि उनके द्वारा दर्ज कराए गए मामले में आरोपियों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के अनुसार, 24 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6¬30 बजे पड़ोसी पक्ष के कुछ लोग धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर के सामने आए और उनके पुत्र कलेक्टर पर प्राणघातक हमला किया। इस हमले में कलेक्टर को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। जब परिवार ने बीच-बचाव किया, तो सावित्री देवी समेत अन्य परिजनों पर भी प्राण घातक हमला किया गया। घर का टीनशेड भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर ग्रामीणों के पहुंचने से घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घायलों को थाना हैदराबाद ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर किया। कलेक्टर कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी तहरीर पर शुरू में कार्रवाई नहीं की और बाद में तहरीर में बदलाव का दबाव बनाया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद 29 दिसंबर को मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज किए हैं। सावित्री देवी का कहना है कि उनके परिवार के कुछ सदस्य घटना के समय गांव में नहीं थे, फिर भी उन्हें नामजद किया गया है, जबकि उनके द्वारा दर्ज कराए गए मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई। सावित्री देवी ने थाना के दीवान शिवम यादव पर आरोप लगाया कि वे आरोपियों के रिश्तेदार हैं और उन्होंने बड़े साहब को 50,000 रुपए देने के नाम पर रिश्वत मांगने के बाद मना करने पर उल्टे संगीन धाराओं में फंसाने की धमकी दी। वहीं, थाना प्रभारी सुनील मलिक पर अपराधियों को संरक्षण देने और जबरन नामजद आरोपी का नाम तहरीर से हटाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया गया।

थाना प्रभारी सुनील मलिक ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की अग्रिम विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। जो भी आवश्यक होगा, उसे समय पर किया जाएगा। सावित्री देवी ने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच, फर्जी मुकदमों को निरस्त करने, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मुकदमों की जांच किसी दूसरे थाने की पुलिस से कराने की मांग की है। परिवार भय के माहौल में रहने को मजबूर है और पीड़िता ने कहा है कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे मजबूरन गांव छोड़ने को विवश होंगे।

# प्रिया शाक्य ने युवाओं को दिया देशभक्ति का संदेश

- यह आंदोलन मात्र एक खेल या गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की सीख है



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

खड़िनी के ग्राम रूपपुर स्थित भगवान गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि प्रिया शाक्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा स्काउट गाइड आंदोलन युवाओं के चरित्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास करता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने का अनुपम माध्यम भी है। आज के दौर में युवा शक्ति को सशक्त बनाना आवश्यक है, ताकि वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने आगे जोर देकर कहा स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं को आदर्श नागरिक के रूप में ढालता है। यह आंदोलन मात्र एक खेल या गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की सीख है, जो युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करता है। हमें ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी मजबूत और जिम्मेदार बने। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार ने यातायात नियमों और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय सिखाए तथा कहा कि स्काउट गाइड व एनसीसी जैसे कार्यक्रम राष्ट्रसेवा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मेरठ विश्वविद्यालय के डीन डॉ. शिवपाल सिंह व मुख्य प्रशिक्षक डॉ. मनोज कुमार के मार्गदर्शन में छात्रों ने चादरों, पर्दों व बांस से तंबू बनाए तथा बिना बर्तन के भोजन तैयार किया। उनके स्टॉल पर शिक्षकों ने खरीदारी कर उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. बृजेश शाक्य, अवनीश कुमार सिंह, संचालिका प्रीति शाक्य, सत्यभान शाक्य, नीलेश कुमार, चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप राजपूत व ज्ञानचंद्र उपस्थित रहे।

## सबमर्सिबल चोरी करने आए चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपनी सबमर्सिबल पर लेटे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अन्तपुर हाथिन निवासी व्यक्ति पर सरिया से हमला करने बाले चोर को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित गोविन्द शुक्ला पुत्र रावेन्द्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात वह सबमर्सिबल पर लेटे थे। बुधवार की सुबह लगभग 4:30 बजे उनकी आंख खुल गई लेकिन वह लेटे हुए भी जागते रहे। तभी बाइक सवार एक व्यक्ति सबमर्सिबल मोटर चोरी करने के इरादे से आया और उन पर लोहे की सरिया से हमला कर दिया। वह खुद को बचाकर वहां से चोर चोर चिल्लाते हुए भागे तो आसपास लोग एकत्रित हो गए और चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# बेस्ट अवार्ड से सम्मानित हुए अभिनेता प्रशांत यादव

**यह आयोजन डिजिटल कला जगत को नई ऊंचाइयां प्रदान करने वाला हुआ साबित**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



चंद्र म्यूजिक के तत्वावधान में आयोजित क्रिएट अवार्ड शो में स्थानीय फिल्म अभिनेता प्रशांत यादव सहित करीब 200 इनफ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और डिजिटल कलाकारों को सम्मानित किया गया।

भोजपुरी-ब्रजभाषा के सुपरस्टार कृष्ण लाल यादव और आर चंद्र म्यूजिक के डायरेक्टर गौरव कुमार ने प्रशांत यादव को 2025 बेस्ट अवॉर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर अभिनेता प्रशांत ने कहा अगर कलाकार के अंदर जुनून और हौसला है, तो वह हर मंजिल हासिल कर सफलता पा लेता है। उन्होंने कहा यह आयोजन डिजिटल कला जगत को नई ऊंचाइयों प्रदान करने वाला साबित हुआ है। इस दौरान आर चंद्र म्यूजिक के दो नए प्रोजेक्ट पायल बजने लगी और कन्नौज इत्र को विधिवत लॉन्च किया गया जिससे कलाकारों और दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में अभिनेता कृष्ण लाल यादव, रवि परिहार, सोनू कश्यप, म्यूजिक डायरेक्टर हिमांशु राजपूत, गायक गौरव कुमार, ब्रज अभिनेता वीनू यादव समेत कई कलाकार व सहयोगी उपस्थित रहे।

# गौवंश को दफनाने में की गई अनावश्यक देरी

- सीमा विवाद में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा ग्राम प्रधान ने




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

गौ रक्षा प्रकल्प के जिला संयोजक अंशू सक्सेना को सुबह 9 बजे ग्राम करनौली में काली नदी पुल के नीचे पड़े एक मृत गौ वंश की सूचना प्राप्त हुई लेकिन इसे दफनाने में 4 घंटे से अधिक की अनावश्यक देरी करने से गौ रक्षको में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया संगठन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडेय के निर्देशनुसार गौ सेवक टीम में शामिल सानू राठौर, दिव्यांशु सक्सेना, अरुण राजपूत, सनी सक्सेना, देव कुमार व दक्ष दुबे के साथ मौके पर पहुंचा। बीडीओ को 9:59 बजे जानकारी दी तो उन्होंने कहा गौवंश को दफनाने के लिए तत्काल संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव को मौके पर भेजता हूँ। लेकिन 30 मिनट बाद भी किसी के नहीं पहुंचने की जानकारी बीडीओ को दी। दोपहर 12:03 बजे पहुंचे प्रधान ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह स्थान हमारे क्षेत्र का नहीं है और वहां से चला गया।

तो मैंने पूरी जानकारी जिलाधिकारी को दी। तब कहीं दोपहर 2:14 बजे गौ वंश को दफनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस बीच संबंधित अधिकारियों, प्रधान और सचिव ने 4 घंटे 15 मिनट का अनावश्यक समय लिया। अतः संबंधित प्रधान, सचिव व अन्य पर उचित कार्रवाई की जाए।

## बौद्ध कथा से समाज में होगा सद्भावना का प्रसार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगला महुअन, खोजीपुर में 1 जनवरी से प्रारंभ होने जा रही सात दिवसीय बुद्ध कथा का आमंत्रण जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य को दिया गया। इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा भगवान बुद्ध के उपदेश जीवन में शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश देते हैं। इस कथा से न केवल आध्यात्मिक जागरण होगा, बल्कि समाज में सद्भावना का प्रसार भी होगा। सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। 1 जनवरी से प्रारंभ इस कथा का समापन 7 जनवरी को होगा। कथा वाचक शाक्य रजनी बौद्ध शास्त्री व प्रज्ञा (नन्दनी) बौद्ध प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से सायं 4 बजे तक कथा का रसपान कराएंगी। 8 जनवरी को भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान विकास शाक्य, अजय शाक्य, हरिराम शाक्य, सुघर सिंह शाक्य, दीपक शाक्य, राहुल उर्फ टिंकू शाक्य, संदीप शाक्य, सिद्ध प्रकाश, जितेंद्र शाक्य, कुलदीप, राम बहादुर एवं हरीशंकर शाक्य आदि मौजूद रहे।

## सर्दी और कोहरे से राहगीरों को बचाने के लिए प्रशासन सक्रिय

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बढ़ती ठंड और घने कोहरे से गरीबों व राहगीरों की रक्षा के लिए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार अग्निहोत्री के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। रैन बसेरों में बिस्तर, प्रकाश और अन्य समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मुख्य चौराहों व तिराहों पर रैन बसेरों की जानकारी वाले पोस्टर लगवाए जा रहे हैं, जिनमें स्थान और टोल-फ्री नंबर अंकित हैं, ताकि कोई परदेसी या राहगीर रात में भटके नहीं। उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने सभी से अपील की है कि सर्दी में खाली पेट बाहर न निकलें, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, रात में अनावश्यक यात्रा न करें और सुरक्षित रहें।

## सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का हुआ सम्मान, एसपी ने दी भावभीनी विदाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस सेवा के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ वर्षों तक योगदान देने वाले चार पुलिसकर्मी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने समारोह में उपस्थित होकर सेवानिवृत्त उप निरीक्षक रमाकांत, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, उप निरीक्षक कामता प्रसाद, मुख्य आरक्षी रमेश चंद्र को शॉल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। एसपी ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों का सेवाकाल अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण रहा है, जिसे आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा के रूप में लेंगी। विदाई समारोह में प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ससम्मान विदाई दी गई।

# वाहन की टक्कर से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पचीपुरी के पास बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान परमाल पुत्र रामबिहारी कौरव निवासी ररुआ आलमपुर, जिला भिंड (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है।

आपको बता दे कि परमाल अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल से कोंच की ओर मटर की झिल्ली लेने कोंच आ रहे थे। जैसे ही वह ग्राम पचीपुरी के समीप पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि परमाल सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आ गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायल की मदद की और 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल परमाल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच ले जाया गया। सीएचसी कोंच में मौजूद डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए उरई जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं।

## छह जनवरी को होगा विधानसभा की अंतिम सूची का प्रकाशन

**कालपी,जालौन।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत चलाये गये विशेष प्रगाण पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम में कालपी 220 विधानसभा क्षेत्र में पूरा कर लिया गया है। 6 जनवरी को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। बीआरसी केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक विश्वकर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण के कार्यक्रम को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में निर्धारित समय पर पूरा किया गया है। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, बीएलओ के द्वारा एसआईआर का काम पूरा कर लिया गया है। कालपी विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 98 हजार 587 मतदाताओं के नाम शामिल थे। जिनमें 3 लाख 47 हजार 262 के नाम बेबसाइड में फीड हुए है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चलती स्लीपर बस में लगी आग

- 130 यात्री ने कूदकर बचाई जान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चलती स्लीपर बस में अचानक भीषण आग लग गई। बस के अंदर धुआं भरते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शोर- शराबे और धुएं से गहरी नींद में सोए यात्री भी जाग गए। अफरा- तफरी के बीच आगे बैठे यात्री गेट से उतरकर दूर भागे, जबकि पीछे बैठे यात्रियों ने खिड़कियां तोड़कर बाहर कूदकर जान बचाई। सूचना पर पहुँची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुआ भट्टा के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार रात करीब 11 बजे डबल डेकर बस हरियाणा के पानीपत से बिहार जा रही थी। तभी अचानक बस में आग लग गयी। आग लगते ही बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। और यात्रियों ने कूदकर जान बचाई। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर मौके पर पहुँच फायर ब्रिगेड व यूपीडा टीम ने आग पर काबू पाया। बस में कुल 130 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। सभी यात्रियों को दूसरे वाहन से उनके गंतव्य स्थान को भेजा गया। पाया गया कि बस में क्षमता से अधिक सवारियां थी। जिसके संबंध में जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस की 2025 में बड़ी कार्रवाई अपराधों पर कसा शिकंजा

- गैंगस्टर एक्ट के तहत 24 मुकदमे दर्ज कर 87 अपराधियों पर की कार्रवाई, चार मामलों में 11.15 करोड़ रुपये की जब्त की संपत्ति

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

वर्ष 2025 में कन्नौज पुलिस ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। साइबर अपराध के मामलों में पुलिस ने 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लीन/होल्ड कराई, जिसमें से 34.68 लाख रुपये पीड़ितों को वापस कराए गए। साथ ही 38 साइबर अपराधियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 454 स्थानों पर 1155 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिनकी मदद से 24 गंभीर घटनाओं का खुलासा हुआ। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 24 मुकदमे दर्ज कर 87 अपराधियों पर कार्रवाई की गई, जबकि चार मामलों में 11.15 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। यातायात नियम उल्लंघन में 34,696 वाहनों का चालान कर 53.02 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया और 108 वाहन सीज किए गए। सर्विलांस सेल ने 480 खोए मोबाइल बरामद कर उनके धारकों को सौंपे। महिला सुरक्षा के तहत मिशन शक्ति अभियान में 317 चौपालों के माध्यम से 18,438 महिलाओं को जागरूक किया गया। महिला अपराधों में सख्त पैरवी के चलते दहेज मृत्यु, बलात्कार, अपहरण, पाक्सो व छेड़खानी जैसे मामलों में कुल 105 से अधिक अपराधियों को सजा दिलाई गई। पुलिस मुठभेड़ों में 13 अपराधी गिरफ्तार हुए, जिनके पास से हथियार, कारतूस, नकदी व वाहन बरामद किए गए। कुल मिलाकर वर्ष 2025 में कन्नौज पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए कानून- व्यवस्था को मजबूत किया है।

# एडीएम नमामि गंगे की मनमानी पर सदर विधायक नाराज

- कालेज के खेल मैदान में बीचों बीच बोरिंग कराना न्यायोचित नहीं
- कालेज प्रबंधन की शिकायत पर डीएम ने दिखायी तत्परता



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर में क्रियाशील हो रही अमृत 2.0 योजना में गांधी इंटर कालेज के खेल मैदान के बीचों बीच एडीएम नमामि गंगे द्वारा मानमाने तरीके से नलकूप की बोरिंग कराने व टंकी का निर्माण कराने को लेकर एक ओर जहां कालेज प्रबंधन के पुरजोर विरोध करते हुये जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की जिस पर डीएम ने एडीएम नमामि गंगे से पत्र भेजकर स्थलीय निरीक्षण कर पूर्व निर्धारित स्थान पर नलकूप की बोरिंग व टंकी कराने के निर्देश देते हुये कृत कार्यवाही से अवगत कराने की बात कही। वहीं सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के पास जैसे ही उक्त मामला पहुंचा तो उन्होंने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण करते हुये एडीएम नमामि गंगे की मनमानी पर नाराजगी जताते हुये स्पष्ट किया कि किसी अधिकारी द्वारा इस तरह से कालेज के खेलकूंद मैदान को बर्बाद नहीं होने दिया जायेगा। गौरतलब हो कि नगर पालिका परिषद उरई क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित अमृत 2.0 योजना में नगरीय क्षेत्र में कई स्थानों पर नलकूपों की बोरिंग कराने के साथ ही टंकी का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इसीक्रम में स्टेशन रोड स्थित गांधी इंटर कालेज के खेलकूंद मैदान में भी नलकूप व टंकी का निर्माण मस्जिद के बगल वाली जमीन पर कराया जाना है। लेकिन इस मामले में एडीएम नमामि गंगे ने मस्जिद के बगल वाली जमीन पर नहीं बल्कि कालेज के खेलकूंद मैदान के बीचोंबीच बोरिंग का निर्माण करने के लिये मशीनें भेज दी। जैसे ही उक्त नजारा गांधी इंटर कालेज के प्रबंधतंत्र व प्रधानाचार्य ने देखा तो वह अपनी शिकायत लेकर जिलाधिकारी से मिले और उन्हें सारे तथ्यों से अवगत कराते हुये बताया कि उक्त मैदान रेलवे व कालेज प्रबंधन के बीच हुई बातचीत के बाद विद्यालय के बच्चों के खेलने कूंदने के लिये समझौता में मिला जिस पर विद्यालय 75 वर्षों से उपयोग करता चला आ रहा है। लेकिन अब एडीएम नमामि गंगे उक्त खेलकूंद मैदान के बीचों बीच नलकूप की बोरिंग व टंकी का निर्माण कराना चाहते हैं।

# मुख्य चौराहों पर दो शिफ्ट में होगी कैडेटों की तैनाती

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




उरई शहर को रोजमर्रा के अव्यवस्थित यातायात से निजात दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक अभिनव और अनुकरणीय पहल की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें यातायात सुधार अभियान का अहम हिस्सा बनाया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिलाधिकारी ने कैडेटों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, अनुशासन तथा आमजन से संवाद के व्यवहारिक तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

इस पहल के तहत अब शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौराहों पर एनसीसी व एनएसएस कैडेटों की दो शिफ्टों में तैनाती की जाएगी। कैडेट न केवल यातायात को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करेंगे, बल्कि वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी करेंगे। हेलमेट, सीट बेल्ट, जेब्रा क्रॉसिंग, सिग्नल पालन जैसे नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था से एक ओर जहां शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर एनसीसी व एनएसएस कैडेटों को व्यवहारिक प्रशिक्षण और सामाजिक दायित्व का अनुभव भी प्राप्त होगा, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। अनुशासित कैडेटों की मौजूदगी से चौराहों पर अव्यवस्था कम होगी और उरई एक सुचारु, सुरक्षित और जागरूक यातायात व्यवस्था वाला शहर बनेगा।

## शोभाराम पाल ने सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा से किया कार्यः एसपी

**उरई (जालौन)।** पुलिस विभाग में वर्षों तक निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवा देने वाले पुलिस कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस लाइन उरई में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी उप निरीक्षक एसआई शोभाराम पाल को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति उपहार प्रदान कर ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों एवं पुलिस कर्मियों ने शोभाराम पाल के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एसआई शोभाराम पाल ने अपने पूरे सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का परिचय दिया।

# उज्ज्वला योजना कनेक्शन है स्वीकृत, नहीं मिला सिलेंडर चूल्हा

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोंच नगर क्षेत्र के मोहल्ला मालवीय नगर की एक महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन स्वीकृत हो जाने के बावजूद अब तक गैस सिलेंडर और चूल्हा नहीं मिल सका है। पीड़िता महिला का आरोप है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी ने उससे 500 भी ले लिए हैं, इसके बाद भी उसे लगातार एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। परेशान होकर महिला ने बुधवार को उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार कोंच नगर के मालवीय नगर निवासी शांति देवी पत्नी हरीसेवक ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसका उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन स्वीकृत हो चुका है। कनेक्शन स्वीकृत होने के बाद वह कई बार अरुण गैस एजेंसी पहुंची, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। महिला का कहना है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी ने उससे 500 की मांग की, जिसे उसने दे भी दिया, इसके बावजूद उसे न तो गैस सिलेंडर मिला और न ही चूल्हा व अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया। शांति देवी ने एसडीएम से मांग की है कि गैस एजेंसी संचालक को निर्देशित कर उसे जल्द से जल्द गैस सिलेंडर, चूल्हा एवं अन्य सामान दिलाया जाए, ताकि वह योजना का लाभ उठा सके।

वहीं इस संबंध में जब गैस एजेंसी संचालक अरुण से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि महिला के कागजात देखे जाएंगे और यह पता किया जाएगा कि कनेक्शन क्यों रुका हुआ है। उधर, एसडीएम ज्योति सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायती पत्र का संज्ञान लिया है। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को पूरे मामले की जांच कर महिला की शिकायत का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# रैन बसेरा में पहुंच एसडीएम ने राहगीरों से जाना हाल

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



गलनभरी भीषण सर्दी में यात्रियों राहगीरों निराश्रित लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एसडीम मनोज कुमार सिंह समेत राजस्व अधिकारियों के द्वारा रात भर भ्रमण करके अलाव तथा रैन बसेरों का निरीक्षण करके जनता से संवाद किया। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह के द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर अलाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जनता से संवाद स्थापित किया। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी, दुर्गा मंदिर चौराहा, मुन्ना फुल पावर चौराहा, बाईपास चौराहा, हरचंदपुर, इटौरा, आटा, जोल्हूपुर मोड़ आदि स्थान में अलाव की हकीकत जानी इसी क्रम में नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के द्वारा कदौरा के आश्रय स्थलों के अलावा खानकाह शरीफ कालपी के शेल्टर होम का निरीक्षण किया।

## शराबियों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल

**कोंच,जालौन।** नगर में शराब का नशा एक बार फिर सार्वजनिक व्यवस्था पर भारी पड़ता नजर आया। कोंच कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग पर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब दो शराबी बीच सड़क पर सिर चढ़कर बोले और आपस में उलझ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों शराबियों पर अंगूर की बेटी का नशा इस कदर हावी था कि वह सड़क पर ही गाली-गलौज करते हुए एक-दूसरे पर टूट पड़े। रेलवे क्रॉसिंग जैसे व्यस्त स्थान पर हुई इस उठापटक और मारपीट से कुछ ही देर में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# दबंगों ने कब्जा कर रास्ता किया बंद, एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम रूपापुर में सार्वजनिक आवागमन का पुराना रास्ता दबंगों द्वारा अवैध रूप से बंद किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पूर्वजों के समय से एक आम रास्ता चला आ रहा है, जिसका उपयोग करीब सौ परिवार अपने घरों से बाहर निकलने एवं दैनिक आवागमन के लिए करते रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों चिंतामन पुत्र मतई, लल्लूराम पुत्र धनीराम व दुर्गादीन पुत्र पचोले द्वारा उक्त रास्ते पर दीवार बनाकर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना पूरी तरह बाधित हो गया है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने रास्ता बंद करने का विरोध किया तो दबंगों ने झगड़े पर आमादा होते हुए धमकी दी कि रास्ता पूरी तरह बंद कर अपना निर्माण कार्य कर लेंगे। इस अवैध कृत्य से गांव में तनाव का माहौल है और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व एवं पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से अतिक्रमण हटवाकर सार्वजनिक रास्ते को पुनः खुलवाया जाए।

# पांचाल घाट गंगा तट पर श्रद्धालुओं के लिए बने पैंटून पुल को खतरा

**▸ जलस्तर बढ़ने से कटान रोकने को पीडब्ल्यूडी विभाग लगवा रहा बोरियां**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट पर माघ मेला श्री रामनगरिया लगभग 90 प्रतिशत लग चुका है। श्रद्धालुओं और संतों के आने का सिलसिला जारी है। वहीं इटावा-बरेली हाईवे पर बने गंगा पुल पर लगने वाले जाम को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए पैंटून पुल बनाया गया है, ताकि इटावा-बरेली हाईवे पर यातायात सुचारू रूप से संचालित बना रहे। बता दें कि पैंटून पल दो पार्ट में बनाया गया है। बीच के हिस्से में बालू डालकर ऊंचा रास्ता बंधा के रूप में बनाया गया है। करीब 3 दिन से गंगा जी में जल बढ़ने से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बोरिया लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बालू से बनाया गया बीच का रास्ता और पैंटून पुल के पोर्च हैं वह ना कटें इसके लिए पीडब्ल्यूडी ठेकेदार द्वारा नाव से बालू की बोरियां डलवाई जा रहीं हैं।

वहीं पुल से गुजर रहे दिव्यांग बोर्ड उत्तर प्रदेश के सदस्य व भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह.संयोजक अभिषेक त्रिवेदी ने बताया कि पहले हमने देखा था कि रास्ते के दोनों तरफ जहां बोरियां लगी थीं बीच में तो यहां जल दोनों तरफ कम था, लेकिन कुछ दिनों से जल थोड़ा-थोड़ा बढ़ रहा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि समय रहते इसकी व्यवस्था को कर लें। दो-तीन दिन में गंगा का जलस्तर बढ़ा तो बीच का रास्ता अवरुद्ध हो जाएगा। इसलिए समय रहते पहले से व्यवस्था कर लें, तो श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा नहीं होगी। बताया कि यदि बंधा कट जाता है तो स्वाभाविक है फर्रुखाबाद शहर से आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी। उनके लिए एकमात्र यही साधन है। वह यहां से आते हैं। बताया कि इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित पुल पर जाम लगता है। बहुत बड़ी संख्या में उस पर वाहन आते हैं। मेला श्री रामनगरिया में कई जनपदों से लोग आते हैं और इसे प्रयागराज का छोटा रूप अपरा काशी मानते हैं। जो लोग प्रयागराज नहीं पहुंच पाते हैं वह लोग यहां आकर मां गंगा में स्नान करते हैं। ऐसे में जो शहरी क्षेत्र के लोग हैं या बाहर से जो लोग आते हैं वह अपने बहन किनारे खड़े करके इसके (पैंटून पुल) माध्यम से वह सुलभता से यहां तक (घाट) आ सकते हैं। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राहुल कुमार पांडे ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ा है। अड्डी कट न जाए इसलिए बोरी लगा रहे हैं।

बताया कि अगर जलस्तर बढ़ता है तब भी पुल को कोई दिक्कत नहीं होगी और पुल बना रहेगा। बताया कि मंगलवार को सुबह से लेकर शाम तक करीब 700 बोरी बालू की डाल चुके हैं। बताया कि जल बढ़ेगा तो फिर बोरी डालनी पड़ेगी।

साथ ही जैसी गंगा की धार लगेगी उसी हिसाब से बोरियों को डालना पड़ेगा। बताया कि यदि गंगा ने कटान शुरू कर दिया तो फिर दिक्कत होगी।


पैंटून पुल के किनारे बोरी लगवाते पीडब्ल्यूडी ठेकेदार


निवर्तमान सूबेदार मेजर कप्तान सिंह से कमांडिंग बैटन ग्रहण करते हुए

## संजीव कुमार सिंह बने राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के नये सूबेदार मेजर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सूबेदार मेजर संजीव कुमार सिंह 5 राजपूत ने आज निवर्तमान सूबेदार मेजर कप्तान सिंह ने चार्ज ग्रहण कर लिया। बताते चलें कि सूबेदार मेजर संजीव कुमार सिंह जबलपुर के निवासी हैं। उनके परिवार में उनकी माता व पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। उनका बड़ा बेटा प्रियांशु सिंह 5 राजपूत में ही कार्यरत है, जबकि छोटा बेटा हिमांशु सिंह नोएडा से बी.टेक. कर रहा है। वह तृतीय वर्ष का छात्र है। संजीव कुमार सिंह जून 1996 में भर्ती हुए थे। आज एक समारोह में उन्होंने निवर्तमान सेंटर सूबेदार कप्तान सिंह से चार्ज ग्रहण कर लिया। आज से वह सेंटर के नये सूबेदार होंगे। निवर्तमान सेंटर सूबेदार कप्तान सिंह को सेंटर के अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी।

# कृषि उत्पादन नवीन मंडी में आलू की बिक्री शुरू

**▸ क्षेत्रीय विधायक ने किया उद्घाटन**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज स्थित कृषि उत्पादन नवीन मंडी समिति में आज से आलू की बिक्री का विधिवत शुभारंभ हो गया। मंडी में पहले दिन आलू की आवक के साथ ही भाव भी तय होते नजर आए।

मंडी में लाल आलू का भाव 521 रुपये प्रति पैकेट दर्ज किया गया, जबकि सफेद आलू की बिक्री 270 रुपये से लेकर 321 रुपये प्रति पैकेट के बीच हुई। किसानों और व्यापारियों की अच्छी खासी मौजूदगी के बीच नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मंडी प्रशासन के अनुसार आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। वहीं किसानों को उम्मीद है कि इस बार आलू के बेहतर भाव मिलेंगे। जिससे उन्हें राहत मिलेगी इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक नागेन्द्र सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख व क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।


आलू बिक्री का शुभारंभ करते क्षेत्रीय विधायक

## गायत्री इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने 20 व 21 दिसम्बर को सिगरा स्टेडियम में हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में मेडल जीतकर जनपद में स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अर्पिता भारद्वाज गोल्ड मेडल, नैतिक यादव गोल्ड मेडल, अर्णव कुमार गोल्ड मेडल व संस्कार अग्रवाल ब्रॉउन मेडल तथा वीर सिंह सिल्वर मेडल, आदित्य चतुर्वेदी सिल्वर मेडल, आयुष मिश्रा ब्रॉउन मेडल, दर्श गुप्ता ने ब्रॉउन मेडल जीता। विजेता खिलाड़ियों को स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डारेक्टर देवांश अग्रवाल, प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता में मेडल जीतना बहुत बड़ी बात है। खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी अपनी रुचि रखें। कोच पारस भारद्वाज ने सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मेडल जीतने पर उनका उत्साहवर्धन किया।

# छाया घना कोहरा, तापमान 9 डिग्री पहुंचा, ठंडी हवा से बढ़ी ठिठुरन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को घना कोहरा छाया रहा। जिससे विजिबिलिटी घटकर करीब 30 मीटर रह गई। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। ठंडी हवा और पाले के कारण लोग ठिठुरते नजर आए और सड़कों पर सुबह के समय भीड़ कम दिखी।

कोहरे के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इटावा-बरेली हाईवे पर नेकपुर पुल के पास लोग सर्दी से बचने के लिए गत्ता जलाकर अलाव तापते दिखे। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों ने बताया कि यहां लकड़ी की व्यवस्था नहीं है, जबकि बड़ी संख्या में लोग बसों का इंतजार करते हैं। बाइक से जा रहे रमेश ने बताया कि उन्हें जलालाबाद जाना है और कोहरा इतना घना है कि 20 मीटर तक भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा। आगरा जाने के लिए बस का इंतजार कर रहीं आरती और सौरभ ने भी घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी की शिकायत की। मंगलवार को धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन देर रात से ही कोहरा पड़ना शुरू हो गया था। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक भीषण सर्दी पड़ने की संभावना जताई है। वहीं लोगों का कोहना है कि नये साल का आगाज भी भीषण सर्दी से होगा।


घने कोहरे में चल लाइट जलाकर चल रहे वाहन


अलाव तापते लोग

# अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, चालक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

घने कोहरे के चलते बाइक सवार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव नगला मोहन निवासी मुनीश राजपूत उम्र 35 वर्षीय पुत्र सोनेलाल राजपूत जो की नल मिस्त्री का काम करता था। बुधवार सुबह बाइक द्वारा परचून की दुकान से कुछ सामान खरीदने आया था। वहां से ब्राहिमपुर जागीर पहुंचकर कुछ अन्य सामान खरीदने जा रहा था। जैसे ही वह ब्राहिमपुर जागीर स्थित नीरज भट्टे के निकट तिराहे के पास पहुँचा, तभी उनकी बाइक घने कोहरा होने के कारण अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व मृतक के परिजनों को दी। मौके पर पहुँचे परिजन व हल्का इन्चार्ज सुधापाल ने पहुँचकर जाँच पड़ताल की।

बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन


मृतक का फाइल फोटो

# फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर के डीएम ने ढाई घाट मेले का किया निरीक्षण

**▸ सीसीटीवी कैमरे लगाने व मेले में व्यवस्थायें दुरुस्त करने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद स्थित ढाईघाट पर लगने वाले रामनगरिया मेले की तैयारियों का फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जिसमें लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात भी शामिल है।

बुधवार को फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, एसडीएम न्यायिक गजराज सिंह, खंड विकास अधिकारी राधेश्याम और खनन निरीक्षक संजय प्रताप मौजूद रहे। शाहजहांपुर से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी रजनीश कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक दीक्षा सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ अधिकारियों को व्यवस्थाओं में कमी को लेकर फटकार लगाई गई और उन्हें तत्काल सुधार के आदेश दिए गए। निरीक्षण के समय उपस्थित साधु-संतों और कल्पवासियों ने मौजूदा अव्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए व्यवस्थाओं को तुरंत ठीक करने की मांग की। जिला प्रशासन मेले की व्यवस्थाओं को लेकर काकी सक्रिय दिख रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देश दिए। इनमें चार पुलिस चौकियां स्थापित करना, दो वॉच टॉवर लगाना, 50 पुरुष शौचालय, 30 महिला शौचालय और 8 मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करना शामिल है। इसके अतिरिक्त शुद्ध पेयजल, बिजली आपूर्ति और लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी शाहजहांपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए। संयुक्त निरीक्षण और वार्ता के दौरान अधिकारियों ने जोर दिया कि मेले में आने वाले कल्पवासियों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को भी पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।


निरीक्षण के दौरान शाहजहांपुर व फर्रुखाबाद के प्रशासनिक अधिकारी

# पुण्यतिथि पर लोकबंधु राज नारायण सिंह को सपाइयों ने किया याद


पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक सुचिता और क्रांति के लिए याद किए जाने वाले लोकबंधु राज नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभी पदाधिकारियों ने लोकबंधु के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा राज नारायण बहुत ही जिंदादिल इंसान थे और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उन्हें पूरा विश्वास था सत्ता की विराट बहुमत के सामने भी वह राजनीतिक सुचिता के लिए लड़े और आज इतिहास में उन्हें लोकतंत्र में क्रांति के एक शिलालेख के तौर पर याद किया जाता है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि राज नारायण जहां भी अन्याय होता देखते थे वहीं न्याय के लिए संघर्ष को तैयार हो जाते थे। व्यापार सभा जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने कहा कि राज नारायण डॉ0 लोहिया के नेतृत्व में आजाद भारत के पहले राजनीतिक आंदोलन में शामिल थे और बाद में जनता पार्टी की सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बने और उन्होंने गांव गरीब किसान मजदूर तक स्वास्थ्य व्यवस्था पहुंचे गांव तक सरकारी चिकित्सा से लोगों का सहायता हो सके, इसका प्रयास किया आज हम सब उन्हें एक अच्छे समाजसेवी नेता के तौर पर याद कर रहे हैं। इस दौरान शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, ओम प्रकाश शर्मा, प्रमोद कुमार यादव, रवि भारद्वाज, गगन सिंह, पंकज गुप्ता, पद्मेश रंजन श्रीवास्तव, पवन चतुर्वेदी, आयुष सक्सेना, अंशुल पाल, अजय यादव, शैलेंद्र सिंह, शिवम पटेल, विवेक भारद्वाज, स0 प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता मौजूद रहे।

## ब्रेनोब्रेन वनडर किड नेशनल इंटर स्कूल प्रतियोगिता सम्पन्न


कार्यक्रम में सम्मानित होते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्रेनोब्रेन वनडर किड नेशनल लेवल इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन रेड ब्रिक स्कूल में 3 अगस्त को आयोजित किया गया था। उस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किया गया। रेड ब्रिक स्कूल में प्रिंसी रस्तोगी और पारुल रस्तोगी की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिले के 17 से अधिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 25 ब्रिक स्कूल, डॉ. वीरेन्द्र स्वरुप स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय जैसे स्कूल शामिल थे। 3 बच्चों में आरव शर्मा, आरुष राजपूत, शिवम यादव को 1500 रुपये की धनराशि व शील्ड एवं प्रमाण पत्र दिया गया। 30 बच्चों को गोल्ड मेडल, 75 बच्चों को सिल्वर मेडल दिये गये। वीरेन्द्र स्वरुप स्कूल को चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों की गणित ध्यान शक्ति को बढ़ाया जाता है।

# नव वर्ष के स्वागत में फूलों से सजे बाजार, 500 रुपये तक में बिका गुलदस्ता

## गुलाल के डाल वाले फूल सबसे ज्यादा युवाओं की पसंद बने


जानकारी देते फूल विक्रेता शिवम सैनी व गुलस्ता तैयार करते गोपाल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नए साल के अवसर पर एक-दूसरे को बधाई देने के लिए लोग उपहार में फूल और गुलदस्ते देना पसंद करते हैं। गुलदस्ते में गुलाब के साथ कारनेशन, डेजी, स्टॉर व ऑर्किट भी लगाए जाते हैं। गुलदस्ते की खूबसूरती बढ़ाने के लिए उसमें प्लास्टिक के आइटम इस्तेमाल किए जाते हैं। फिलहाल गुलाब का फूल डाल के साथ 30 से 40 रुपये में बिक रहा है। गुलदस्ते का दाम उसमें इस्तेमाल किए गए फूलों पर निर्भर करता है। औसतन एक गुलदस्ते का रेट 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक शुरू होता। चौक बाजार स्थित फूल के व्यापारी शिवम सैनी ने बताया कि नए साल में 31 दिसंबर से लेकर पांच जनवरी तक लोग फूल व गुलदस्तों की खरीदारी एक-दूसरे को बधाई देने के लिए काफी करते हैं। नए साल में गुलदस्ते बनाने के लिए फूल मंगाए जा रहे हैं। कच्चा सौदा होने के कारण फूलों को पहले नहीं मंगाया जाता है, ताकि फूल ताजे ही बिक सकें। उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा गुलाब की फूलों की मांग है। गुलाब फूल का सादा गुलदस्ता 40 से लेकर 50 रुपये में बिक रहे है। औसतन एक गुलदस्ते का रेट 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक शुरू होता।

वहीं फतेहगढ़ में फ्लावर एण्ड डेकोरेशन के संचालक गोपाल ने बताया कि पिछली साल पहले से ही काफी आर्डर बुक हो गये थे। इस साल अभी तक उतनी बुकिंग नहीं हुई है, लेकिन देर रात से लेकर नव वर्ष के पहले दिन यानी दो दिन तक फूलों की बिक्री होती है। आर्डर मिलने से एक अनुमान लग जाता है, लेकिन फुटकर बिक्री का अंदाजा नहीं होता है। फिलहाल टहनी वाले गुलाब के फूल की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। नए साल की शुरुआत एक नए उत्साह और उम्मीद के साथ होती है। इस खास मौके पर अपनों को दिल से शुभकामनाएं भेजना बेहद खास होता है। नया साल न सिर्फ पुराने साल की विदाई का प्रतीक है, बल्कि यह नये अवसरों, नई उम्मीदों और सफलता की शुरुआत भी है।

## सेवा समिति द्वारा सेमिनार व कम्बल वितरण का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा समिति द्वारा मरहूम मौलाना एजाज अहमद नूरी की याद में सेमिनार एवं कम्बल वितरण का आयोजन खैराती खां स्थित आगाा साहब की दरगाह पर सम्पन्न हुआ। मुख्यातिथि तहसीलदार सनी कनोजिया व विशिष्ट अतिथि शहर कोतवाल दर्शन सिंह व नखास इंचार्ज इमरान फरीद रहे। 201 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करना रहा। सेमिनार में शिक्षा विषय पर विचार रखे गये। शिक्षा से बदलेगी समाज की तस्वीर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान संभव है। वक्ताओं ने मरहूम मौलाना एजाज अहमद नूरी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, तभी एक सशक्त, जागरूक और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। कम्बल पाकर गरीब व जररुतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर अध्यक्ष फरियाब खान ने विचार रखे। इस दौरान आदिल हुसैन, अमन अफरीदी, अंकुर मिश्रा, शिवाशीष तिवारी, हिलाल शफीकी, डॉ. राम कृष्ण राजपूत, रिज़वान ताज, अनीस अहमद, वसीम जमा, तारिक वसीर, मिन्ना खान, तालिब मंसूरी, डॉ. एस.ए. जाफरी, डॉ. शकील अहमद, फरीद खान, अमन सलमानी, रूशद खान, अमन खान, मेहनूरुद्दीन शेख उपस्थित रहे।

# डिजिटल दौर में गुम हो गया नववर्ष पर ग्रीटिंग कार्ड का चलन

## सोशल मीडिया ने ली जगह, दूकानों पर नहीं दिखायी दे रहे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बदलते वक्त के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए संदेश पहुंचाने और अपने जज्बातों का एहसास दिलाने की बात अब पुरानी हो गयी। अब तो इंटरनेट का जमाना है और चंद सेकेंड में ही ऑनलाइन चेटिंग, वीडियो कॉलिंग और सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से एक-दूसरे को संदेश पहुंच जाता है। एक वक्त था जब लोगों को नए साल की आहट होने के साथ ही ग्रीटिंग कार्ड का इंतजार रहता था।

वह वक्त ऐसा था जब पोस्टमैन मोहल्ले या गांव में घुसता था तो लोग पहले ही रास्ते में रोक लेते थे और पूछते थे कि हमारे लिए तो किसी ने कुछ तो नहीं भेजा, क्योंकि पहले डाक सेवा ही एक ऐसा माध्यम था जो पत्र पहुंचाता था औश्र ग्रीटिंग कार्ड की परम्परा निराली थी। कुछ लोग शुभकामनायें भेजते थे तो वहीं रंगीन मिजाज के लोग विभिन्न प्रकार की शायरी संदेशों से भरे काड्र्स का इंतजार करते थे। इंटरनेट के जमाने में बीते कुछ वर्षों से धीरे-धीरे ग्रीटिंग कार्ड भेजने की परंपरा लगभग समाप्त हो गयी है। इलेक्ट्रॉनिक युग में अब ईमेल, मोबाइल, फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से संदेशों का आदान प्रदान करते हैं। ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए हैप्पी न्यू ईयर और नव वर्ष मुबारक कहने का अलग अंदाज था। पुराने साल समाप्त होने के अंतिम बेला और नववर्ष की शुरुआती सप्ताह तक लोग बेसब्री से डाकिया और ग्रीटिंग्स कार्ड का इंतजार करते थे जिसका अलग आनंद होता था। ग्राहकों की घटती मांग के चलते कई कंपनियों ने अपने ग्रीटिंग काड्र्स से जुड़े प्रोडक्शन को बंद कर दिया है, जहां पहले स्टेशनरी की दुकानों पर त्यौहारों के समय रंग-बिरंगे काड्र्स की भरमार होती थी, अब उनकी जगह ज्यादातर गिफ्ट आइटम्स और डिजिटल गिफ्ट काड्र्स ने ले ली है। पुराने दिनों को लोग आज भी याद करते है कि वह दौर ऐसा था कि पूरे-पूरे साल ग्रीटिंग कार्ड को संभाल कर रखते थे और उसे देखकर यादें ताजा होती रहती थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में सब गुम हो गया। आजकल लोग उसकी जगह पर व्हाटसएप का प्रयोग करने लगे हैं। जिससे बधाई आदि सब दे रहे हैं।

# जिला पंचायत से बन रही सड़क को दबंगों ने रोका

▸ ज्ञापन देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत वीरपुर नवाबगंज के शाक्य नगर कछपुरा में बन रही जिला पंचायत द्वारा सड़क पर दबंग बाधा उत्पन्न कर रहे है।

जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि ग्राम पंचायत नवाबगंज के पीड़ित शाक्य नगर कछपुरा के निवासी है। जिला पंचायत द्वारा गांव में 275 मी0 का नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें लगभग 120 मीटर नाले का निर्माण हो चुका है, उसके आगे सड़क किनारे नाला बनना है। सड़क के पास खेत वाले काश्तकार दबंगई से नाला बनने नहीं दे रहे है। इस संबंध में ग्रामीणों ने थाना दिवस व तहसील दिवस में भी शिकायत की है। मौके पर राजस्व टीम द्वारा पैमाइश करके अपने रिपोर्ट भी दे दी है। खेतों की आराजी अभिलेखों में ज्यादा पायी गई है। सड़क की आराजी में भी नाले का निर्माण दबंग नहीं होने दे रहे है। जिससे जलभराव हो रहा है। लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, शैलेन्द्र, शिवम शाक्य, अमन कुमार, अमित कुमार, रवेन्द्र कुमार, पवन कुमार, हरिराम, श्यामेन्द्र, अंशुल आदि लोग मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

# मेला श्री रागनरिया की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मेला श्री रामनगरिया पहुंचकर मेला शुभारंभ पर आयोजित होने वाली गंगा आरती की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अपर जिलाधिकारी/मेला सचिव को गंगा आरती से संबंधित समस्त आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्नान घाटों को सही कराने व स्नान हेतु सुरक्षित बनाने के लिये निर्देशित किया।

डीएम ने मेला क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही सड़कों एवं फुटपाथ के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



मेला रामनगरिया का निरीक्षण करते डीएम






# तन्मय धवन की पुण्य स्मृति पर नेत्रहीन दिव्यांगों का हुआ सम्मान

**नव वर्ष की पूर्व संध्या पर खत्री सभा द्वारा बांटे गये बच्चों को गर्म कपड़े**



दिव्यांग बच्चों के साथ खत्री सभा के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खत्री सभा द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय में हुआ। स्व0 तन्मय धवन की पुण्य स्मृति में दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन अध्यक्ष मुदित टंडन की देखरेख में सम्पन्न हुआ। खत्री सभा द्वारा अहिल्याबाई विद्यालय में नेत्रहीन दिव्यांगों को सम्मानित किया गया। साथ ही गौरव धवन की पुण्य तिथि पर गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री वितरित की गई। तन्मय धवन के पुत्र मोहित व श्रुति धवन ने खत्री सभा के साथ पहुंचकर बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किये और उनके साथ समय बिताकर खाद्य सामग्री बांटी। मुदित टंडन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरुकता पैदा होती है और निर्धन व गरीब और दिव्यांगजनों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। जिसके तहत छोटा सा प्रयास नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किया गया। इस मौके पर गौरव धवन, प्रसून टंडन, रवि कपूर, आशीष मेहरोत्रा, सोनल टंडन, तनवी धवन, रुपाली मेहरोत्रा, चारु कपूर, सोनी मेहरोत्रा, राधिका आदि लोग मौजूद रहे।


आप सभी को नव वर्ष-2026 की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं



ठाकुर राजेश सिंह
भाजपा जिला संगठन मंत्री,
बंडा-शाहजहांपुर

आप सभी को नव वर्ष-2026 की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं

स्वास्तिक अल्ट्रासाउंड सेंटर
डॉक्टर वसीम खान
एमडी
बिलसंडा रोड बंडा,
शाहजहांपुर

आप सभी को नव वर्ष-2026 की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं



फतेहचंद वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत लालपुर आजादपुर
बंडा-शाहजहांपुर

आप सभी को नव वर्ष-2026 की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं



नवीन अवस्थी
प्रधान पति
ग्राम पंचायत मझिगईं
बंडा-शाहजहांपुर

आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



ऋषिपाल कश्यप
प्रधानपति
ग्राम पंचायत बिनौरा बिनौरिया
वि.खं. जैतीपुर, शाहजहांपुर
मो. 9793361054

आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



शाहरुख शकील खान
बसपा मंडल कॉर्डिनेटर
बंडा-शाहजहांपुर

सभी देशवासियों को नववर्ष 2026 व मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनायें।

शौर्य कान्ट्रेक्शन कम्पनी
सिन्धौरा डगमगपुर, मीरजापुर
गिट्टी, बोल्डर के थोक व फुटकर विक्रेता
विवेक सिंह
प्रोपराईटर

आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



अनूप मिश्रा
प्रत्याशी प्रधान पद
ग्राम पंचायत करकौर वि.खं.
जैतीपुर, शाहजहांपुर
मो. 9519360341

आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्जुन कश्यप
प्रत्याशी प्रधान पद
ग्राम पंचायत करकौर, वि.खं.
जैतीपुर, शाहजहांपुर
मो.7309503044

सभी देशवासियों को नववर्ष 2026 व मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनायें।

कनकधरा इन्डस्ट्रीज
सिन्धौरा, डगमगपुर,
मीरजापुर
गिट्टी, बोल्डर के थोक व
फुटकर विक्रेता



राजन तिवारी

सभी देशवासियों को नववर्ष 2026 व मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनायें।



डॉ0 आनन्द यादव
प्रभारी चिकित्साधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पड़री,
मीरजापुर

नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अल्पना श्रीवास्तव
स्वच्छता प्रभारी
नगर निगम
शाहजहांपुर



सभी देशवासियों को नववर्ष 2026 व मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनायें।

सुशील सिंह



जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, मीरजापुर
शुभ नववर्ष

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

सचिन ऑटोमोबाइल्स
मेन रोड़ जैतीपुर, शाहजहांपुर
हीरो मोटर साइकिल,
जीएसए ईरिक्शा, लोडर और
इलेक्ट्रिक स्कूटर



अनिल गुप्ता
डायरेक्टर
सचिन ऑटोमोबाइल्स

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री लटूरी लाल इंटर कालेज



सुमित गुप्ता
रविन्द्र गुप्ता
प्रबंधक
श्रीमती कल्पना गुप्ता
ग्राम प्रधान
जैतीपुर, शाहजहांपुर
Happy New Year

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
गुरुवार, 01 जनवरी 2026

# 2026 नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनायें



प्रस्तुति, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज, विज्ञापन प्रतिनिधि











































